1986 में आयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथ इसके पश्चात आरम्भ की कार्य नीतियों के अन्तर्गत महिलाओं के स्तर में बदलाव लाने के लिये एवं महिलाओं की निरक्षरता को दूर करने के लिये इस कार्यक्रम के माध्यम से पहुँच एवं धारण में आनेे वाली कठिनाईयों को दूर करने की प्राथमिकता दी जायेगी। एवं इसके विशेष सहायक सेवायें समयबद्ध लक्ष्य एवं सुचारू रूप से अनुश्रवण होगा।

जंनपद में महिलाओं की दशा अत्यन्त सोचनीय है, वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर लिंग अनुपात एक हजार पुरूषों पर मात्र 848 था जो राज्य के औसत प्रति एक हजार पुरूषों पर 871 महिलाओं की तुलना में काफी कम है। वर्ष 1991 में महिलाओं की साक्षरत पर मात्र 15.41 थी जिसमें 2001 में डी0पी0ई0पी0 सम्पूर्ण साक्षरता अभियान, उत्तर साक्षरता अभियान आदि से लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है लेकिर 2001 की जनगणना के आधार पर भी महिला साक्षरता दर मात्र 25.2 प्रतिशत है। जिसमें स्पष्ट है अब भी 65 प्रतिशत महिलाऐं निरक्षर है अधिकांश महिला जनसंख्या बेराजगार तथा घरेलू काम काज में ही लगी रहती हे। वर्ष 1996-97 में सोशल असिस्मेन्ट स्टडी 'एस0ए0एस0' के अन्तर्गत 5 विकास खण्डों के 10 गांवों में फोकस ग्रुप डिस्कशन कराया गया जिसकी प्रमुख निष्कर्ष निम्नव्रत् है।

1. फोकस ग्रुप डिस्कशन के साथ निम्न बालिका नामांकन के निम्न कारणों की पहचान की गई।

अ) परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति।

ब) छोटे भाई बहनों को देखभाल एवं घरेलू कार्य।

स) विद्यालय का दूर होना तथा अनुपयुक्त विद्यालय समय सारणी।

द) महिला शिक्षिकाओं का अभाव।

य) बालिका शिक्षा के प्रति उदासीनता।

व) शिक्षा के महत्व से अनभिज्ञ होगा।

2. इस अध्ययन से यह भी प्रकाश में आया कि अनुसूचित बालिकायें माह में मात्र 11 दिन विद्यालय जाती है सामान्य एवं पिछड़े वर्ग की बालिकायें 21 दिन।

3. बांलिकायें का शालात्याग के निम्न कारण प्रकाश में आये (एफ0जी0डी0/ एस0ए0एस0 के साभार)

1. स्कूल के खर्चों का व्यय भी उठाने में अभिभावकों का अक्षम होना।
2. धनोपार्जन के कार्यों में संलग्न रहना।
3. शिक्षकों का हतोत्साहित करने वाला व्यवहार।
4. छोटे भाई बहनों की देखभाल एवं घरेलू कार्य में मदद करना।
5. य. बालिकाओं का शीघ्र विवाह होना।
6. अनुपयुक्त स्कूल समय सारिणी होना।
7. विद्यालयी शिक्षा के महत्व सेअनभिज्ञा होना।
8. माताओं का अशिक्षित होना।

4. मुस्लिम अभिभावकों का बालिकाओं मजहबी तालीम को महत्व देना।

1. पर्दा प्रथा तथा बाल विवाह बालिका शिक्षा के मुख्य अवरोध है। मुस्लिम समुदाय के अधिकांश अभिभाव अपनी बालिकाओं को उस विद्यालय में भेजना पसन्द नहीं करते है जहां पुरूष शिक्षक है।
2. मुस्लिम समुदाय का रूढ़िवादी होना तथा परिवार का आकार बड़ा होना।
3. आर्थिक रूप से कमजोर होना।

इसके अतिरिक्त जनपद में जनपदीय प्लानिंग टीम द्वारा विभिन्न स्तर पर सहभागी पर चर्चायें को गई जिसके आधार पर भी बालिका शिक्षा की कुछ और समस्यायें उभरकर आयी जो निम्नवत् है -

1. बालिका शिक्षा के प्रति समुदाय का पूर्ण रूप से जागरूक न होना। यद्यपि डी0पी0ई0पी0 के कार्यक्रमों से परहजे में जागरूकता आ गई।
2. ग्राम शिक्षा समितियों में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होना।
3. ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा शैक्षिक उत्तरदायित्वों का सम्यक रूप से निर्वहन क करना। यद्यपि ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण से शैक्षिक क्रिया कलापों में भागीदारी नहीं है लेकिन सम्यक रूप से उत्तरदायित्व नहीं निभा पाये।
4. मुस्लिम समुदाय पर अशिक्षित एवं रूढ़िवादी मोलेव कट्टरपंथियों का वर्चस्व होना।
5. मकतब- मदरसों द्वारा केवल दीनी तालीम दिया जाना।
6. प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू अध्यापकों का कम होना।
7. शिक्षक का स्थानीय नहीं होना चाहिए।

8. अपवंचित वर्ग के शिक्षकों का अभाव प्रभावी पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण का अभाव।

9. बेसलाईन असिस्मेन्अ स्टडी 1997 में जनपद के 45 विद्यालयों में कराया गया था जिसमें बालिकाओं का .सम्प्रति स्तर काफी निम्न स्तर का पाया गया. जिसके महत्वपूर्ण निष्कर्ष निम्नवत् है।

1. कक्षा में 2 में मात्र 10.8 प्रतिशत बालिकायें ही एम0एस0एस0 के आधार पर मास्टरी लेवर को प्राप्त की जबकि बालकों की प्रतिशत 13.3 प्रतिशत का 54.6 प्रतिशत बालिकायें न्यूनतम अधिकतम स्तर पर सम्प्राप्ति नहीं कर रही थी। जबकि बालकों का प्रतिशत 45 प्रतिशत।

2. गणित में मात्र 4 प्रतिशत बालिकायें मास्टरी लेवल को प्राप्त कर रहीं थीं जबकि बालकों का 8 प्रतिशत था।

लगभग 14.8 प्रतिशत बालिकायें मास्टरी लेवल तक पहुँच पा रही थी। 57 प्रतिशत बालिकायें न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त नही कर पा रही थी। जबकि बालकों का यह 36. 2 प्रतिशत था।

3. भाषा में कक्षा 5 का सम्प्राप्ति स्तर जो कक्षा 4 के पाठ्यक्रम के आधार पर था प्रतिशत बालिकायें मास्टरी लेवर को प्राप्त कर रही थी। जबकि बालकों का यह प्रतिशत 9 था। 2.1 प्रतिशत बालिकायें मास्टरी लेवल तक पहुँच पा रही थी जबकि बालकों का 6.6 था। 52.9 प्रतिशत बालिकायें न्यूनतम अधिगमस्तर से नीच थी।

4. गणित में सम्प्राप्ति स्तर के परीक्षण में कोई भी मास्टरी लेवल को प्राप्त नहीं कर रही थी तथा कोई भी मास्टरी लेवल के एप्रोच तक नही पहुँच पा रही थी। 16.4 प्रतिशत बालिकायें न्यूनतम अधिगम स्तर सम्प्राप्ति कर पा रहीं थी। [illegible] के अनुसार 88.2 प्रतिशम महिला शिक्षिकाओं ने कोई सेवारत प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया था। परन्तु डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत यह तीन चक्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है।

<u>रणनीतियां और कार्यक्रम</u>

समस्याये :- महिलाओं की समजा में भेदभाव पूर्ण स्थिति के कारण प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा में काफी भेदभाव किया जाता रहा है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु टेण्डर में सेन्सीटाईजेशन कार्यशालायें माडल क्लस्टर डेंवलपमेन्ट एप्रोच के अन्तर्गत मीना अभियान माँ-बेटी शिक्षक मेल्स, महिला संरक्षक महिला प्रेरक दल का गठन एवं प्रशिक्षण, माता शिक्षक संघ एवं अभिभावक शिक्षक संघका गठन एंव प्रशिक्षण उन्हें क्रियाशील बनाना, ठहराव परिक्रमा बच्चों का तारांकन आदि विविध कार्यक्रमों के माध्यम से बालिका शिक्षा की एक्सपर्ट में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ई0सी0सी0ई0 केन्द्रों के माध्यम ही भाई बहनों की देखभाल से विद्यालय न जा पानेवाले कारणों एवं उपस्थिति एवं ठहराव दर बढ़ी है। लेकिन बालिका शिक्षा की दशा में समाज में सदियों से व्याप्त भेदभाव के कारण अभी काफी कुछ कियाजाना आवश्यक है।

सोशल असिस्मेन्ट स्टडी, बेस लाईन प्लानिंग टीम के विभिन्न स्तरों पर किये गये फोकस ग्रुपडिस्कशन से बालिका शिक्षा के सम्बन्ध में उनकी प्रमुख समस्याओं एवं उनसे सम्बन्धित समितियों निम्नांकित है :-

क्र.सं.	समस्याओं	रणनीतियों कार्यक्रम
1.	परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति	1. बालिकाओं को निःशुल्क पाठय पुस्तक उपलब्ध
		2. स्वयंसेवी संस्थाओं, सरकारी सहायता से सभी बालिकाओं को निःशुल्क यूनिफार्म उपलब्ध कराना।
		3. समाज कल्याण विभाग व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सहयोग से अपवंचति वर्ग की सभी बालिकाओं को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना।
2.	छोटे भाई-बहनों की देखभाल एवं घरेलू कार्य	1. परियोजना के अन्तर्गत विद्यालयों में शिशु शिक्षा केन्द्रों का संचालन।
		2. आई0सी0डी0एस0 के सहयोग से आंगनबाड़ी केन्द्रों के पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम को प्रोत्साहन देना।
		3. सामाजिक जागरूकता उत्पन्न कर बालिकाओं पर पड़ने वाले कामकाज को बोझ को कम करना।
3.	विद्यालय का दूर होनाा	1. मानक के अनुसार असेवित बस्तियों में विद्यालयों की स्थापना करना।
		2. 1 किमी0 दूर से अधिक दूर होने पर बालिका शिक्षा हेतु विद्या केन्द्र की स्थापना कराना।
		3. प्राथमिक स्तर पर वैकल्पिक/नवाचार शिक्षा के अन्तर्गत ज्ञान केन्द्र व उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु ज्ञान शाला की स्थापना।
		4. समुदाय के सहयोग से इस्कोर्ट की व्यवस्था।
4.	अनुपयुक्त विद्यालय का समय	1. विद्यालय के समय को बालिकाओं के अनुरूप वितरित करना।
		2. विद्याकेन्द्रों/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों का समय बालिकाओं के सुविधानुसार कराना।
		3. विद्यालय समय सारणी में लचीलापन की व्यवस्था करना।

5.	महिला शिक्षिकाओं का अभाव	1.	प्रत्येक विद्यालय में महिला शिक्षिका की व्यवस्था कराना।
		2.	निम्न बालिका वाले विद्यालयो में महिला शिक्षिका की व्यवस्था कराना।
		3.	समुदाय के सहयोग से महिला शिक्षिका की व्यवस्था कराना।
6.	बालिका शिक्षा के प्रति उदासीनता	1.	बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु अभिभावकों शिक्षकों की गोष्ठी का आयोजन।
		2.	मीना कैम्पेन का आयोजन।
		3.	रैली प्रदर्शनी, पदयात्रा एवं प्रभात फेरियों का अयोजन।
		4.	मां-बेटी शिक्षक मेले का आयोजन।
		5.	कलाजत्था का प्रदर्शन।
		6.	दीवार लेखन पम्पलेट पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूकता उत्पन्न करना।
		7.	स्लाइड फिल्म, आडियो-वीडियो कैसेट्स का प्रदर्शन
7.	शिक्षा के महत्व से अनभिज्ञ	1.	समुदाय के साथ बैठकें आयोजित करना, लोकगीतों नुक्कड़ नाटेकों आदि के माध्यम से शिक्षा के महत्व।
		2.	सभा, गोष्ठी, कलाजत्था प्रदर्शन, फिल्म, स्लाइड प्रदर्शन पोस्टर प्रतियोगिता, दीवारलेखन अखबार लेखन अफलतम कहानियों का प्रचार-प्रसार मीडिया के सहयोग से (प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया) प्रचार-प्रसार करना।
8.	बालिकाओं की कम उपस्थिति	1.	समुदाय में जागरूकता उत्पन्न कर माता-पिता एवं भाईयों के सहयोग से बालिकाओं के काम काज के बोझ को कम करना।
		2.	छोटे भाई बहनों हेतु शिशु शिक्षा केन्द्रों की स्थापना करना।
		3.	विद्यालय वातावरण को बालिका शिक्षा के लिये उत्साहवर्धन बनाना।
		4.	जेन्डर सेन्सिटाईजेशन के माध्यम से शिक्षकों के व्यवहार में परिवर्तन लाना।

		5.	बालिकाओं की समस्याओं का अध्ययन कर उनका निदान कराना।
9.	बालिकाओं का धनोपार्जन के कार्यों में संलग्न रहना।	1.	विद्यालीय शिक्षा के साथ-साथ शिल्प व धनोपार्जन सम्बन्धी कार्यों की शिक्षा देना।
		2.	शिक्षा के साथ-साथ बालिकाओं हेतु किशोरी समूहों व स्वयं सहायता समूहों का गठन कराकर आर्थिक आधार सुदृढ़ कराना।
		3.	परिवार की आर्थिक स्थिति के सुदृढ़ीकरण हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से परिवार को लाभान्वित कराना।
10.	बालिका का शीघ्र विवाह देना	1.	विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्मय से समुदाय को जागरूक करना तथा बाल विवाह पर रोक लगाना।
		2.	स्थानीय पंचायतों जातीय पंचायतों व धार्मिक नेताओं के साथ बैठकें कर बाल विवाह को हतोत्साहित करना।
		3.	कलाजत्था/नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह के दुष्प्रभावों का प्रदर्शन कर जनजागरण करना।
11.	शिक्षकों का हतोत्साहित करने वाला व्यवहार	1.	जेन्डर सेन्सटाईजेश प्रशिक्षण आयोजित कर शिक्षकों के व्यवहार में परिवर्तन लाना।
		2.	भेदभाव करने वाले शिक्षक का सामाजिक रूप से हतोत्साहित किया जाना।
		3.	भेदभाव न करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना।
12.	पर्दा प्रथा	1.	विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से जागरूकता उत्पन्न करना।
		2.	विद्यालयों में शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्रों की व्यवस्था करना।
		3.	मुस्लिम समुदाय के धार्मिक नेताओं की बैठकें कर उक्त समस्या के प्रति जागरूकता।
		4.	मकतब/मदरसों में महिला अनुदेशिकाओं की व्यवस्था कर बालिकाओं को मुख्यधारा से जोड़ना।

13.	मुस्लिम परिवार का रूढ़िवादी होना तथा परिवार का आकार बड़ा होना।	1.	धार्मिक उलेमाओं की बैइकें आयोजित कराना।
		2.	आर्थिक रूप कमजोर परिवार के बच्चों के लिये अल्पसंख्यक विभाग के सहयोग से छात्रवृत्ति वितरित कराना।
		3.	निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था।
		4.	समुदाय के सहयोग से यूनिफार्म आदि अन्य प्रोत्साहन देना।
14.	मुस्लिम समुदाय द्वारा दीनी तालीम को प्राथमिकता	1.	औपचारिक शिक्षा के महत्व से समुदाय को अवगत कराना।
		2.	मकतब/मदरसों की बालिकाओं को मुख्य धारा से जोड़ने के लिये औपचारिक पाठ्यक्रम पढ़ान हेतु अनुदेशक की नियुक्ति करना।
		3.	मुस्लिम समुदाय के स्थानीय शिक्षकों/ शिक्षामित्रों को विद्यालय पदस्थापित करना।
15.	बालिकाओं का शैक्षिक सम्प्राप्ति स्तर भाषा और गणित में अत्यन्त न्यून होना	1.	नियमित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया जाना।
		2.	कक्षाकक्ष में बालिकाओं को भी शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर में गतिविधियों में समान अवसर उपलबध कराना।
		3.	बालिकाओं में भी आत्मविश्वास जगाना एवं नेतृत्व की भावाना विकसित
		4.	शिक्षण को रूचिकर बनाना तथा प्रभावी निरीश्रवण अनुश्रवण द्वारा शैक्षिक गुवत्ता की सम्प्राप्ति सुनिश्चित कराना।
16.	सामाजिक निर्णयन में पर्याप्त भागीदारी न होना।	1.	ग्राम शिक्षा समितियों, माता शिक्षकों संघों व अभिभावक शिक्षक संघों में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना।
		2.	किशोरी संघों व महिला प्रेरक दलों का गठन कर प्राथमिक शिक्षा के प्रबन्धन को भूमिका देना।

		3.	माता शिक्ष संघों व अन्य स्थानीय संस्थाओं की नियमित बैठकों का आयोजन करना तथा बैठक व निर्णयन में भागीदार सुनिश्चित करना।
		4.	महिला सांसदों तथा मां0-बेटी शिक्षक मेलों के आयोजन के द्वारा महिला दबाव समूहों को सशक्त करना तथा सामाजिक निर्णयन की क्षमता विकसित करना।
17.	महिला साक्षरता दर अत्यन्त न्यून होना	1.	महिलाओं/बालिकाओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराना।
		2.	उत्तर साक्षरता/सतत शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को साक्षर होना हेतु प्रेरित करना।
18.	समाज में महिलाओं की निम्न स्थिति	1.	जेन्डर सेन्सटाईजेशन कार्यशालाओं का आयोजन।
		2.	ग्राम पंचायतों तथा ग्राम शिक्षा समितियों की बैठकों में महिलाओं की भागीदारी हेतु अभिप्रेरण।
		3.	निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण।
		4.	महिला मण्डल व। समूह स्वयं सहायता समूहों के साथ समन्वय।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत किये गये कार्य :-

1. निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण :- जनपद में 2002 वर्ष 2003 एवं वर्ष 2003 में जनपद में परिषदीय सभी प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरित की गई। वर्ष 2002-2003 में माह जुलाई में 2,22,29 बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई।

2. ग्रीष्म कालीन शिविर :- जनपद में वर्ष 2000-01 में 100 ग्रीष्म कालीन शिविर तथा 2001-2002 में 150 ग्रीष्म कालीन शिविरों का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से विद्यालय छोड़ चुकीं लगभग 10 हजार बालिकाओं का पुनः विद्यालयों में प्रवेश कराया गया। ग्रीष्म शिविरों में 10 दिनांक तक सरल एवं रूचिपूर्ण विधियों से शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के माध्यम से स्कूल छोड़ चुकीं बालिकाओं की हिचक दूर की जाती है तथा पुनः विद्यालय आने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।

3. कला जत्था :- बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु जनपद में न्यून साक्षरता दर वाले 3 विकासखण्डों में कलाजत्था टीम के माध्यम से लगभग 68 कलाजत्था प्रदर्शन किये गये।

4. 4. जेन्डर सेन्सीटाईजेश :- जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण करने वाले तीन दिवसीय लिंग संवेदनशीलता का प्रशिक्षण बनाया जा रहा है। जिससे शिक्षकों में पराम्परागत भेदभाव की प्रकृति में बदलाव आ रहा है।

5. एम0टी0ए0, पी0टी0ए0 का गठन एवं प्रशिक्षण :- जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में एम0टी0ए0, पी0टी0ए0 का गठन कराया जा चुका है। एवं सभी को क्रियाशील बनाने के लिये सभी का प्रशिक्षण भी कराया जाता है।

6. स्कूल चलो अभियान :- पूरे जनपद में बालिका शिक्षा सम्वर्द्धन हेतु स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत दीवार लेखन, जनसम्पर्क, पम्पलेट, रैली लोकगीत प्रभातफेरी मानव श्रृंखला व गोष्ठियों के माध्यम से बालिकाओं के नामांकन वृद्धि हेतु विशेष प्रयास किये गये।

7. मॉडल क्लस्टर डेवलपमेन्ट एप्रोच :- मॉडल क्लस्टर एप्रोच हेतु प्रथम चरण में जनपद में निम्न बालिका नामांकन वाले क्षेत्र में 15 न्याय पंचायतों का चयन किया गया तथा दूसरे चरण में 10 न्याय पंचायतों का चयन किया गया। मॉडल क्लस्टर के अन्तर्गत बालिका शिक्षा सम्वर्द्धन हेतु स्थन रूप से चलाया गया इसके बहुत ही उत्साहजनक परिणाम सामने आये।

1. वातावरण सृजन :- चयनित न्याय पंचायतों में प्रारम्भ में दीवार लेखन, सार्वजनिक स्थानों पर गोष्ठी मीटिंग का व्यापक प्रचार-प्रचार किया गया। इससे वातावरण का सृजन हुआ।

2. विशेष नामांकन अभियान :- वर्ष 2000 में मॉडल क्लस्टर के सभी बच्चों को नामांकित करने हेतु विशेष स्कूल अभियान चलाया तथा जागरूकता के विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मॉडल - क्लस्टर में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा सका।

3. मीना कैम्पेन : बालिका शिक्षा के प्रति समुदाय को जागरूक करने के लिये ग्राम व बस्तीस्तर पर मीना फिल्मों का प्रदर्शन किया गया तथा नव चयनित न्ऱाय पंचायतों में प्रदर्शन किया जा रहा है। जिससे बालिका शिक्षा के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न हुई।

4. मॉ-बेटी शिक्षक मेला :- प्रथम चरण चयनित सभी 15 न्याय पंचायतों में मां-बेटी शिक्षक मेलों का आयोजन किया गया जिसका बालिकाओं के नामांकन के ठहराव पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा तथा माताओं की बालिकाओं की शिक्षा क प्रति सोच में बदलाव आया है।

5. महिला संसद :- मॉडल क्लस्टर के तीन न्याय पंचायतों में महिला संसद का गठन व अधिवेशन किया गया जिसमें महिलाओं द्वारा प्राथमिक शिक्षाा से सम्बन्धित समस्याओं पर चर्चा हुई तथा दबाव समूह के रूप में सामाजिक नेतृत्व एवचं विपण्न की क्षमता का विकास हुआ तथा उन्होंने अपनी मांगों को जोरदार मांग के परिणाम स्वरूप ही

नगर बेहटा में विद्याकेन्द्र की स्थापना, पल्हरी में विद्यालय पुननिर्माण भीरा में शिक्षामित्र की नियुक्ति व शतप्रतिशत नामांकन से अन्य कार्य सम्पादित हो सके।

6. न्याय पंचायत कोर टीम :- न्याय पंचायत स्तर पर सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों एम0टी0ए0, पी0टी0ए0 के प्रतिनिधियों व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल कर सभी मॉडल क्लस्टर में न्याय पंचायत स्तरीय कोर टीम का गठन कराया गया है। जो न्याय पंचायत के विभिन्न ग्रामों व विद्यालयों में बालिका शिक्षा सम्वर्द्धन के विभिन्न क्रियाकलापों में सहयोग प्रदान करता है।

7. महिला प्रेरक दल :- मॉडल क्लस्टर के विद्यालयों में जहां विद्यालय उपलब्ध नहीं है। महिला प्रेरक दल का गठन कराया गया है। जो बालिकाओं के नामांकन ठहराव व बच्चों को नियमित रूप से सहयोग प्रदान करते है।

8. बच्चों की सरकार :- मॉडल क्लस्टर के सभी विद्यालयों में बच्चों की सरकार का गठन कराया गया। जिसमें बालिकाओं सें आत्म विश्वास जगाने एवं नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिये बालिकाओं की पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है।

9. ठहराव परिक्रमा :- बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों तथा बच्चों की जागरूक करन के लिये अक्टूबर से फरवरी तक ठहराव परिक्रमा का आयोजन किया जाता है।

10. तारांकन :- नियमित विद्यालय आने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये 80 प्रतिशत से भी ज्यादा उपस्थित होने वाले बच्चों को हरा स्टर 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक के उपस्थित होने वाले बच्चों को पीला स्टार तथा तथा 50 प्रतिशत से कम उपस्थित होने वाले बच्चों को लाल स्टार दिया जाता है। जिसका प्रत्येक कक्षा कक्ष में चार्ट पर प्रदर्शन व बच्चों को रिबन के स्टार दिये जाते है एवं ग्राम शिक्षा समिति तथा अभिभावक शिक्षक संघ/माता शिक्षक संघ की बैठकों में चर्चा की जाती है तथा उपस्थित होने वाले बच्चों के अभिभावक को सम्मानित किया जाता है। बच्चों के तारांकन की तरह ही परिवारों का भी तारांकन किया जाता है और जिस परिवार से कोई बच्चा विद्यालय नही आ रहा है, उसके मकान पर लाल स्टार बनाया जाता है।

11. ग्राम शिक्षा समितियों व अन्य समूह का प्रशिक्षण :- मॉडल क्लस्टर के सभी ग्राम शिक्षा समितियों/अभिभावक शिक्षक संघों, महिला प्रेरक समूह व कोर टीम को क्रियाशील बनाने के लिये प्रशिक्षण कराया गया तथा नियमित मासिक बैठक आहूत की जाती है।

मॉडल क्लस्टर में उपरोक्त क्रियाकलापों के परिणाम स्वरूप प्रथम चरण के सभी 15 न्याय पंचायतों में शत प्रतिशत नामांकन के लक्ष्य की प्राप्ति हो सकी तथा उक्त न्याय पंचायतों में अधिकाशं विद्यालय ड्राप आउट ही है।

सर्व शिक्षा अभियान में बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु प्रस्तावित कार्य योजना :-

1. वर्ष 2002-04 तक प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बालिकाओं को डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत एवं उसके उपरान्त सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जायेगा।

2. डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों को प्रथम चक्र का जेन्डर सेन्सटाईजेशन प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा सर्द शिक्षा अभियान के अन्तर्गत पुनः एक चक्र जेन्डर पर आधारित प्रशिक्षण तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों को कम से कम 2 चक्र जेन्डर सेन्सेटाईजेशन प्रशिक्षण कराया जोयगा जिसे लिये 5 माडयूल भी विकसित किया जायेगा।

3. वर्ष 2003 तक प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन हेतु विशेष नामांकन अभियान तथा उच्च प्राथमिक विद्यायालें में वर्ष 2007 तक प्रतिवर्ष विशेष नामांकन अभियान चलाया जायेगा जिसमें बालिकाओं के नामांकन पर विशेष बल दिया जायेगा।

4 डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत वर्तमान में एम0सी0डी0ए0 के अन्तर्गत 25 न्याय पंचायतें चयनित है तथा वर्ष 2003-04 तक 20 न्याय पंचायतें एम0सी0डी0ए0 से आच्छादित कर दी जायेगी। शेष 100 न्याय पंचायतों को सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2007 तक एम0सी0डी0ए0 के अन्तर्गत आच्छादित कर लिया जायेगा जहां पर सघन रूप से विविध गतिविधियों को संचालित कर पूरे जनपद को ड्रापआउट फ्री कर दिया जायेगा।

5. एम0टी0ए0/पी0टी0ए0 का गठन का प्रशिक्षण :- डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत सम्मिलित एम0टी0ए0/पी0टी0ए0 को छोड़कर पूरे जनपद प्राथमिक विद्यालयों व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एम0टी0ए0/पी0टी0ए0 को प्रशिक्षित कर उन्हें सक्रिय बनाया जायेगा।

6. महिला प्रेरक दलों का गठन व सशक्तीकरण :- मॉडल क्लस्टर में गठित महिला प्रेरक दलों के अतिरिक्त पूरे जनपद में प्रत्येक न्याय पंचायत में न्यून महिला नामांकन व साक्षरता वाले ग्रामों में व जहां विद्यालय स्थित है कम से कम 2 महिला प्रेरक दलों का गठन कराया जायेगा व प्राथमिक व नियमित बैठक कर उनका सशक्तीकरण कराया जायेगा।

7. न्याय पंचायत कार्य समिति :- डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत गठित 25 न्याय पंचायत और समूहों के अतिरिक्त सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक न्याय पंचायत में न्याय पंचायत कार्य समिति का गठन का सशक्तीकरण किया जायेगा।

8. मीना कैम्पेन :- जनपद के सभी 1912 ग्रामों में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत मीना कैम्पेन कराया जायेगा।

9. मॉ बेटी शिक्षक मेला :- मॉडल क्लस्टर के अतिरिक्त जनपद के शेष न्याय पंचायतों में भी सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत महिला संसद का गठन व उनकी नियमित छः माह में सभी आहूत कराया जायेगा।

10. निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण :- प्राथमिक शिक्षा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हेतु जनपद में ग्राम पंचायतों व क्षेत्र पंचायतों में निर्वाचित समस्त महिला प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जायेगा।

11. डी0आर0जी0/वी0आर0जी0 की ट्रेपिंग :- जनपद स्तर पर बालिका शिक्षा हेतु डी0आर0जी0 व ब्लाक स्तर पर बी0आर0जी0 गठन, उनका प्रशिक्षण व नियमित बैठकें आहूत की जायेगी।

12. महिला महोत्सव व सेमिनार/वर्कशाप का आयोजन :- महिला दिवसों व अन्य अवसर पर जनपद स्तर, तहसील व ब्लाक स्तर पर महिला महोत्सव सेमिनार व वर्कशाप का आयोजन किया जायेगा।

13. किशोरी दलों व संघों का गठन :- सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 9+ की बालिकाओं के प्रोत्साहन हेतु किशोरी संघों व दलों का गठन व उनक सशक्तीकरण कराया जायेगा।

14. ग्रीष्म कालीन शिविर :- प्रतिवर्ष प्रत्येक ब्लाक में अधिक बालिका शाला त्याग वाले विद्यायालें में 10 दिवसयी ग्रीष्म कालीन शिविर प्रति ब्लाक कम से कम 10 या आवश्यकतानुसार सर्व शिक्षा अभियान केअन्तर्गत लगाये जायेंगे। यह शिविर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक दोनों स्तर के लिये लगाये जायेंगे।

15. ब्रिजकोर्स कैम्प :- शाला त्याग कर चुकी ऐसी बालिकाओं हेतु जो अपनी हम उम्र छात्राओं से काफी पीछे छूट गई है व सम्पात्ति स्तर न्यून है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 2 माह व छः माह के विशेष ब्रिजकोर्स कैम्प आयोजित किये जायेंगे।

16. बालिका शिक्षा में नवाचार :- बालिका शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार हेतु एन0जी0ओ0 की सहायता ली जायेगी तथा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इसका प्राविधान किया जायेगा।

17. शिशु शिक्षा केन्द्र (ई0सी0सी0ई0) :- आई0सी0डी0एस0 के सहयोग से डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत 70 शिशु शिक्षा केन्द्र संचालित है। जिनका डी0पी0ई0पी0 के उपरान्त वित्त पोषक सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत रखकर संचालित किया जायेगा। साथ ही सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सिनलिंग केपर की समस्या वाले कम से कम 200 केन्द्र और परियोजना के अन्तर्गत संचालित किये जायेंगे। नान आई0सी0डी0एस0 ब्लाक सिरौली गौसपुर में एन0जी0ओ0 के सहयोग से बी0पी0ई0पी0 में संचालित किये जाने वाले शिशु शिक्षा केन्द्र सर्व शिक्षा अभियान में संचालित कराये जायेंगे।

18. आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण :- आई0सी0डी0एस0 द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के पूर्व प्राथमिक घटक को सुदृढ़ करने के लिये आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कराया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु आवश्यक अन्य कार्यों का समाधान आवश्यकतानुसार वार्षिक योजनओं में सबसे बाद मेंकिया जायेगा।

19. कलाजत्था प्रदर्शन :- बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये पूरे जनपद में कलाजत्था, प्रदर्शन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से कराया जायेगा। जिससे समुदाय में जनचेतना उत्पन्न होगी।

20. तारांकन :- पूरे जनपद में ठहराव संवर्द्धन हेतु विद्यालयों के तारांकन कराया जायेगा। जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले बच्चों को हरा निशान, 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक की उपस्थिति वाले बच्चों को पीला निशान व 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले बच्चों को लाल निशान दिया जायेगा जिससे विद्यालय कम आने वाले बच्चे भी प्रोत्साहित होकर विद्यालय नियमित रूप से आयेंगे।

किशोरी शिक्षा केन्द्र एवं उ0प्रा0वि0 में कम्प्यूटर शिक्षा :- बालिका शिक्षा को वढ़ावा देने एवं उनको समुचित शिक्षा मिले इसके लिये किशोरी शिक्षण केन्द्र की महती आवश्यकता है कक्षा 7 से आठ तक ड्रापआउट बालिकायें जो 14 वर्ष तक ही है जो अधिक उम्र होने के कारण ग्रीष्मकालीन शिविर के उपरान्त वह घर बैठ जाती है ऐसी बालिकाओं को कक्षा 8 तक की शिक्षा हेतु या शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु किशोरी शिक्षण केन्द्र अत्यधिक प्रभावशाली होंगे और बालिका शिक्षा संवर्द्धन में महत्वू पूर्ण भूमिका निभायेंगे। प्रति विकासखण्डों में दो चुने हुए विद्यालय बालिकाओं हेतु कम्प्यूटर शिक्षा प्रारम्भ करने की योजना है वर्ष 2003-04, 75000 प्रति विद्यालय की दर से 30 विद्यालयों हेतु कम्प्यूटर शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रयास किया जायेगा।

सेवारत अध्यापकों के लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण :- आज भी हमारे सेवारत शिक्षा अपनी परम्पराओं और दूषित मानसिकता को दूर नही कर पा रहे है क्योंकि वह आने-जाने में बालिकाओं के साथ जाने अनजाने विद्यालय एवं कक्षा में भेदभाव करते रहते है शिक्षकों को इन भ्रान्तियों से दूर करने हेतु सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण आवश्यक है। ताकि बालिकाओं में आत्महानता, शालात्याग की भावना जन्म ले सके।

सामुदायिक गतिशीलता

जनपद बाराबंकी में सर्व शिक्षा अभियान के योजना निर्यात के पहले जनपद में सामुदायिक गतिशीलता के विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये जनपद स्तर पर पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, विकलांग कल्याण विभाग, अर्थ एवं सांख्याधिकारी व विकास विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद स्तर पर संगोष्ठी

कर गई जिसमें सर्व शिक्षा अभियान के नियोजन से सम्बन्धित विविध सूचनायें व सुझाव प्राप्त किये गये।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक जागरूकता उत्पन्न करने के लिये विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिससे समुदाय में गतिशीला उत्पन्न हुई प्री प्लान एवं प्री विलेज के अन्तर्गत समुदाय में विभिन्न स्तरों पर किये गये फोकस ग्रुप डिसकशन में समुदाय की गतिशीलता के क्षेत्र में निम्न अवरोध चिन्हित किये गये -

1. जन समुदाय में प्राथमिक शिक्षा के प्रति जागरूकता का अभाव।
2. विद्यालय प्रबन्धन में समुदाय का रूचि न लेना।
3. ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा शैक्षिक उत्तदायित्वों का सम्यक निर्वहन न करना।
4. पर्यवेक्षक स्टाफ (ए0बी0एस0ए0/एस0डी0आई0) शिक्षकों व ग्राम शिक्षा समितियों में परस्पर समन्वय का अभाव।
5. क्रियाशील स्वयंसेवी संगठनों का अभाव।
6. ग्राम शिक्षा योजना व नियोजन प्रक्रिया में स्थानीय समुदाय व प्रभावशाली भूमिका का निर्वहन न करना।
7. स्थानीय समूहों को पर्याप्त रूप से प्रोत्साहन न देना।
8. ग्राम स्तर व ब्लाक स्तर पर विभिन्न विभागों से परस्पर कन्वर्जेन्स का अभाव।
9. ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त व्यापक निरक्षरता।
10. अपवंचित वर्ग के लोगों का समाज में निम्न स्तर।
11. मुस्लिम वर्ग की निरक्षरता, रूढ़िवादिता व परम्परावादी होना।
12. महिलाओं को समाज में निम्न स्थिति व पर्याप्त भागीदारी न होना।

वर्ष 1997-98 में सोशल असिस्मेन्ट स्टडी के परिणास्वरूप निम्न अवरोध प्रकाश में आये :-

1. परिवार की निम्न आर्थिक स्थिति।
2. शिक्षा के महत्व से जन समुदाय का अनभिज्ञ होना।
3. औपचारिक शिक्षा के प्रति मुस्लिम समुदाय का स्थान न होना।
4. स्थानीय दबाव समूहों का प्रभावी न होना।
5. सगुदाय को विद्यालय की गतिविधियों की सम्यक जानाकारी न होना।

सर्व शिक्षा अभियान में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समुदाय का सक्रिय सहयोग अति **आवश्यक है। पंचायतीराज** व्यवस्था के अन्तर्गत विकेन्द्रीकृत प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न स्तरों **पर समितियों का गठन** किया जा चुका है एवं सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत ब्लाक शिक्षा **समितियों को सुदृढ़ीकृत** एवं क्रियाशील बनाने पर जोर दिया जायेगा। शैक्षिक गोष्ठियों, **नामांकन, ठहराव** परिक्रमा सूक्ष्म नियोजन, शैक्षिक नियोजन एवं क्रियान्वयन आदि शिक्षा से **संबंधित समस्त विकास** कार्यो एवं एस.एस.ए. के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु **पंचायतीराज समितियों** का सहयोग लिया जायेगा।

6. विद्यालीय प्रबन्धन में समुदाय की पर्याप्त भागीदारी न होना।

उक्त अवरोधों / समस्याओं के निदान हेतु निम्न रणनीतियां प्रस्तावित है :-

1. ग्राम शिक्षा समितियों को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण आयोजित कराकर उत्तरदायी बनाना।

2. स्थानीय समूहों पी0टी0ए0/एम0टी0ए0/डब्लू0एम0जी0 व अन्य समूहों कों सशक्त बनाकर विद्यालय प्रबन्धन में भागीदार बनाना।

3. अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षित युवकों व महिलाओं का समूह गठित कर विद्यालीय गतिविधियों से जोड़ना।

4. सूक्ष्म नियोजन व ग्राम शिक्षा योजना निर्माण में समुदाय की और सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करना।

5. समुदाय के अच्छा प्रयास करने वाले समूहों को प्रोत्साहित करना।

6. समुदाय के अच्छे प्रयासों का प्रयार-प्रसार करना।

7. निर्वाचित प्रतिनिधियों को शैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराना व उन्हें भागीदार बनाना।

8. पर्यवेक्षक स्टाफ शिक्षकों व ग्राम शिक्षा समितियों व अन्य विभागों के साथा कान्वर्जेन्स करना।

9. अपवंचित वर्ग व मुस्लिम वर्ग के साथ बैठके आयोजित करना।

10. समुदाय के निर्णयों का सम्मान करना व उनकी मांग के आधार पर असेवित बस्तियो में विद्यालय स्थापना करना।

11. महिला मंगल दल, युवक मंगल दल व अन्य स्वैच्छिक संस्थाओं से समन्वयक व सामुदायिक जागरूकता में सहयोग लेना।

12. रैली प्रदर्शन, पोस्टर, दीवारलेखन व प्रभावकारियों आदि से वातावरण सृजन।

13. बालमेला, मॉ-बेटी शिक्षक मेला, महिला संसद व गोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूकता उत्पन्न करना।

4. कलाजत्था के प्रदर्शन व लोकगीत व आडियो/वीडियों कैसेट आदि के माध्यम से वातावरण सृजन मीना फिल्म, स्लाइड फिल्म का प्रदर्शन।

16. ब्लाक स्तर व जनपद स्तर पर कन्वर्जेन्स वर्गशाप व आया

यूनिसेफ सहायतित क्वालिटी गर्ल्स एजूकेशन

6-14 वयवर्ग के सभी बच्चों विशेषकर सभी बालिकाओं को गुणवत्ता परक प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने सम्बंधी शैक्षिक नवाचारों हेतु जनपद बाराबंकी एवं ललितपुर में यूनीसेफ के सहयोग से बालिका शिक्षा कार्यक्रम 26.7.02 से शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रमुखरूप से निम्न कार्य प्रस्तावित हैं।

- पूरक शिक्षण सामग्री, कहानी सुनाना, पुस्तकालय, पाठक मंच, विज्ञान शिक्षण (रोचक ढंग से) द्वारा प्राथमिक स्कूल व वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों को बेहतर बनाना।
- समुदाय के सहयोग से शिक्षा वंचित बालिकाओं को स्कूल से जोडना
- शैक्षिक गुणवत्ता के लिए नवाचार करना
- स्कूल बेहतर बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं दूसरे सेक्टरों के साथ तालमेल स्थापित करना।
- बालिका शिक्षा के लिए ग्राम शिक्षा समिति, अभिभावक समिति एवं समुदाय में वातावरण तैयार करने के लिए संचार की रणनीति विकसित करना एवं लागू करना।
- बालिका शिक्षा के लिए आवासीय शिविर, ट्रन्जीटरी स्कूल, स्मैडियल स्कूल जैसे वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों का संचालन

क्वालिटी गर्ल्स एजूकेशन कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के अन्तर्गत एक समन्वयक प्रतिनियुक्ति पर रखे जाने का प्रस्ताव है।

विशेष वर्ग की शिक्षा (समेकित शिक्षा)

भारत की लगभग 5-10 प्रतिशत **जनसंख्या** विकलांगता से ग्रसित है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य शिक्षा का सार्वज**नीकरण है इस लक्ष्य की प्राप्ति के यि** उन सभी जो कि 5-10 प्रतिशत बच्चों को जो दृष्टि सम्बन्**धी एवं मानसिक सम्बन्धी अक्षमताओं से ग्रस्त है,** विद्यालय में लाया जाना है। शिक्षा के सार्वजनीकरण **के लक्ष्य को तब तक प्राप्त नही** किया जा सकता है, जव तक विभिन्न विकलांगता के ग्रसित बच्चों **को विद्यालय नहीं** लाया जाता। बच्चों की विकलांगता का प्रभाव जहां व्यक्तित्व की प्रभावित करता **है वहीं परिवार** एवं समुदाय को भी प्रभावित करता हैं, विभिन्न अक्षमताओं में सब से अधिक **संख्या शारीरिक रूप में अक्षम बच्चों** की है पूर्ण रूप से दृष्टि हीन वच्चों की संख्या कम है। इन व**च्चों में से अधिकांश** वच्चे (अक्षम बच्चे) लिये कोई विशेष शिक्षण विधि की आवश्यकता नही होती, **और थोड़े से** विशेष प्रयास के साथ इन अक्षम बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा की मुख्य **धारा में** लाया जा सकता है।

पहले अभिभावक अक्षम/विकलां**ग बच्चों को**बिना बुलाइ आपदा अथवा अभिशाप समझते थे किन्तु समाज में समेकित शिक्षा के इस **प्रयास से आज सोच** एवं व्यवहार में परिवर्तन ठना गया है। आत विकलांग व्यक्तियों ने अधिकांश **क्षेत्रों में सफलता** पाई है और उन्होंने दूसरों को सहारा देना शुरू भी कर दिया है। अक्षम बच्चे मा**नसिक रूप से** अधिक जागरूक व क्रियाशील होते है।

समेकित शिक्षा के विभिन्न प्र**कार है माइल्ड** एवं माडरेट (कम और मध्यम) श्रेणी विकलांग बच्चों को जो विद्यालय से बाहर है प्रा**थमिक शिक्षा की** मुख्य धारा लाया जाना ताकि उनका मानसिक विकास सामान्य बच्चों की तरह हो स**के। इस बात** का विशेष ध्यान रखना होगा कि विकलांगता को लेकर सम्बोधन में, व्यवहार में, खेल **में, कक्षा में,** मैदान में, एवं घर में लज्जाजनक स्थिति उत्पन्न न हों।

अक्षम वच्चे सिर्फ सहानुभूमि **के पात्र ही** नहीं है इन्हें उचित वातावरणऔर भावनात्मक समर्थन के साथ-साथ शिक्षण प्रशिक्ष**ण की भी आवश्यकता** है।

ऐसे वच्चे जो अपनी शारीरि**क अक्षमताओं के** कारण शिक्षा **से** वंचित है स्कूल की दुनिया से बाहर है, उनमें निहित क्षमता का वि**कास कर उनमें** आत्म विश्वास जमाने और आत्मा निर्भर बनाने में **शिक्षा** का वहुत बड़ा योगदान हो**ता है, अतः** ये समेकित शिक्षा अन्तर्गत ही ये प्रयास संभव **है।**

डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत **विभिन्न विकलांग बच्चों को** शिक्षा प्रदान करायी जानी **है**। मुख्यता समेकित शिक्षा की अन्तर्गतविभिन्न **प्रकार की विकलांगता से ग्रसित** कम एवं मध्यम श्रेणी के बच्चों को सामान्य श्रेणी के बच्चों को सा**मान्य प्राथमिक** विद्यालय में सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्रदान करायी जाती **है**।

विकलांक / अक्षमता के प्रकार:-

सामान्य रूप से अध्यापकों **के अध्यापन के** सम जिन विशिष्ट अक्षमताओं वाले छात्र छात्राओं को शिक्षा देने का कार्य करना **पड़ता है निमन प्रकार का है** मुख्य रूप से विकलांगता पांच प्रकार की होती है -

1. दृष्टि विकलांगता
2. श्रवण एवं वाणी विकलांगता
3. अस्थि विकास विकलांगता
4. मानिकस मन्दता
5. अधिगम मन्दता

विकलांगता/अक्षमता के कारण :-

बच्चों कुछ विकलांगतायें/अक्षमतायें जन्म से होती है तो कुछ जन्म से बाद विकसित होती है कुछ अक्षमतायें वातावरण से सम्बन्धित होती है।

1. अधिगम सतस्याओं से सम्बन्धी कारण :- निम्नवत् है।

1. बौद्धिक क्रियाकलाप का निम्नस्तर तथा विकास की मन्दगति।
2. दृष्टि विषयक समस्या (देखने में कठिनाई)
3. श्रवण तथा वाक समस्या (सुनने तथा बोलने में कठिनाई)
4. हाथ पैर का क्षतिग्रस्त होना या हाथ पैर का न होना अंगों की विकृति मांस पेंशियों के ताल मेल में सतस्या होने से क्रियाकलाप में कठिनाई।
5. मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं जैसे प्रत्यक्षीकरण अवधान स्मृति विषयक समस्याये।

घर परिवार सम्बन्धी कारण :- निम्नलिखित है ।

1. माता पिता के स्नेह में कमी।
2. बच्चों को हीन भावना से देखना।
3. सीखने के समान अवसर ना मिलना।
4. शिशु स्तर पर लालन पालन के अनुपयुक्त तरीके अपनाना।
5. सामान्य बच्चों का विकलांग बच्चों के साथ प्रतिकूल व्यवहार करना।

विद्यालीय वातावरण से सम्बन्धित कारण :- निम्नलिखित है।

1. शिक्षक का बच्चे से लगाव होना।
2. सीखने की गति धीमी होने पर बच्चे के प्रति गलत धारणा बना लेना।
3. कक्षा में अनुकूल सामाजिक वातावरण का न होना।
4. सामान्य बच्चों का विकलांग बच्चे के साथ प्रतिकूल व्यवहार करना।
5. उत्तरदायित्व निर्वहन तथा सुविधाओं की भागीदारी जैसी भावनाओं के प्रति उदासीनता होना।
6. बच्चों की विशिष्ट आवश्यकताओं तथा भौतिक सुविधाओं के सामंजस्य का अभाव होना।

सामान्य विद्यालयों के अध्यापकों में इन बच्चों की शिक्षा सम्बन्धी विशेष प्रकार की जरूरतों को समझने की आवश्यकता जिससे उनकी आवश्यकता के अनुरूप अनुकूल शिक्षा को नियोजित कर से इसका उत्तरदायितव सबसे अधिक कक्षा के अध्यापकों पर आता है क्योंकि उनका इन बच्चों से सीधा सम्पर्क होता है, तथा उनको बच्चों को ध्यान से देख्ने का

अवसर मिलता है इसीलिये प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को 5 दिवसयी समेकित शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अक्षमता के परिणाम :-

1. बच्चों में
2. परिवार में
3. समाज में

1. आत्म निर्भरता में कमीं
2. चलने में परेशानी
3. समाज में उपेक्षित

परिवार में :-

1. अधिक ध्यान देने की आवश्यकता।
2. आर्थिक बोझ अधिक।

समाज में :-

1. ध्यान देने की आवश्यकता
2. उत्पादन में कमीं
3. समाज में एकीकरण में कमीं

अक्षम बच्चों में अनेक भ्रान्तियां है, बहुत से अध्यापकों का विश्वास हे कि अक्षम बच्चों की शिक्षा के लिये तकनीकी की आवश्यकता होती है जबकि कम एवं मध्यम श्रेणी के विकलांग बच्चों के लिये विशेष तकनीकी कीआवश्यकता नहीं होती है केवल अध्यापकों को कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है विशेष प्रकार की आवश्यकता केवल उन बच्चों के लिये होती है जिनका रोग असाध्य या गम्भीर रूप धारण कर चुका है।

1. संवेदीकरण :-

अक्षम बच्चों के लिये निम्न संवेदीकरण आवश्यक होता है।

1. समुदाय का संवेदीकरण ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जाना।
2. परिवार एवं भाई बहिनों का संवेदीकरण तथा मार्ग निर्देशन (मार्गदर्शन)
3. अध्यापकों का संवेदीकरण

संवेदीकरण का सबसे पहला बिन्दु दृष्टिकाण परिवर्तन का है अक्षम बच्चों के लिये सहानुभूति तो सभी दिखा देते है इन्हे सहानुभूति की नहीं सहायता की आवश्यकता होती है, उनमें निहित उनकी क्षमतओं को विकसित करने की आवश्यकता है।

2. उपकरण एवं उपस्कर :-

अक्षम बच्चों की विकलांगता की डिग्री एवं उपस्कर की आवश्कयता ज्ञात कराने के लिये बच्चों का डाक्टर की टीम जिसमें एक आर्थोपेडिक, एक0 इ0एन0टी0 डाक्टर एवं आई स्पेशिलिस्ट हो, के द्वारा मेडिकल असिस्मेन्ट कराया जाता है फिर आवश्यकतानुसार उपकरण

एवं उपस्कर की आपूर्ति करानी होगी। उपकरण एवं उपस्कर की आपूर्ति करानी होगी। उपकरण एवं उपस्कर की आपूर्ति विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से करायी जाती है इस लिये निम्न संस्थाओं के सम्पर्क किया जाता है -

1. राष्ट्रीय दृष्टि एवं विकलांग संस्थान 116 राजपुर रोड देहरादून।
2. अलीयावर जंग राष्ट्रीय श्रवण संस्थान बान्द्रा-बम्बई।
3. एलिम्कों जी0टी0रोड, कानपुर 208016 ।
4. अमर ज्योति रिहैबिलिटेशन एण्ड रिसर्च सेन्टर, कर्करडूमा विकास मार्ग, दिल्ली।
5. भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंखलय द्वारा स्थापित कम्पोजिस्ट फिटमेन्ट सेन्टर।
6. राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान मनोविकास नगर सिकन्दराबाद।
7. नेशनल एशोसियशन फार दी ब्लाइण्ड एजूकेशन डिपार्टमेन्ट कालेज, ग्रीन, एल0पी0 बाला काम्पलेक्स।
8. मंगलम ए 445 इन्दिरा नगर, लखनऊ।
9. यू0पी0 विकलांग केन्द्र 13, लूकरगंज, इलाहाबाद।

3 अध्यापकों का सेवारत प्रशिक्षण :-

अध्यापकों के सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम में संमेकित शिक्षा का केन्द्र विन्दु विशेष रूप ले लिया गया है। जिसमें विकलांग बच्चों को सामान्य बच्चो के साथ शिक्षा देने की विधा पर बल दिया गया हैं। समेकित शिक्षा के लिये प्राथमिक अध्यापकों को 05 दिन का प्रशिक्षण दिया जाता है इन अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिये प्रति विकास खण्ड 4-4 मास्टर टेनर्स का चयन किया जाता है और इन मास्टर टेनर्स का 10 दिवसीय एडवांस स्टडीज इन स्पेशल एजूकेशन रूहेल खण्डय युनिवर्सिटी बरेली अमर ज्योति रिहैबिलिटेशन एण्ड रिसर्च सेंटर कंकरडूमा विकास मार्ग दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश विकलांग केन्द्र रूरल रिसर्च सोसाइटी 13 लूकरगंज इलाहाबाद में आयोजित किया जा सकता है।

4. शिक्षकों के लिए सामग्री का विकास :-

शिक्षकों द्वारा हस्तपुस्तिका का विकास किया गया तथा पांच विकलांगतओं दृष्टि, श्रवय, अधिगम, अस्थिम तथा मानसिक विकलांगता पर फोल्डर्स तैयार किये गये है जन समुदाय को संवेदनशील बनाने के लिये 'आप क्या कर सकते है' फोल्डर्स तैयार किये गये है विकलांग बच्चों के प्रति सामान्य बच्चों में जागरूकता पैदा करने के लिये कक्षा 3 की पर्यावरण अध्ययन विषय की पाठय पुस्तकों में दोस्ती नामक पाठ सम्मिलित किया गया है ग्राम शिक्षा समितियों एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण माडयूल के विषय में भी शामिल किया गया है।

शिक्षक के प्रशिक्षण के लिये विकसित प्रशिक्षण माडयूल और सामग्रियों में निम्नलिखित पक्षों का समावेश होता है।

1. विकलांगता वाले बच्चों का कार्यात्मक आंकलन।
2. विकलांग बच्चों की शैक्षिक आवश्कयताओं को समझना।
3. इन बच्चों के सभी समूहों केलिये शिक्षण रणनीति को विकसित करना।
4. कक्षा कक्ष प्रबन्धन और मूल्यांकन।
5. इन बच्चों के अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों को परामर्श ओर मार्गदर्शन देना।
6. विकलांग बच्चों का आवश्यकताओं के सम्बन्ध में अन्य बच्चों में जागरूकता उत्पन्न करना।

स्वयं सेवी संस्थाओं की भागीदारी :-

विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा लिये तकनीकी सहायता देने हेतु ऐसी स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी जी जाती है जो विशिष्ट आवश्यता वाले बच्चों की शिक्षा के लिये कार्य कर रही हो और निम्न पात्रतायें रखती हो।

1. संस्था/सोसायटी रजिस्ट्रेशन के अन्तर्गत कम से कम तीन वर्ष पूर्व रजिस्टर्ड हों।
2. संस्था के पास विकलांगता के क्षेत्र में विशेषज्ञ की उपलब्धता हो।
3. विकलांगता के क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव।
4. संस्था विकलांग जन अधिनियम 1994 की धारा 51 के अन्तर्गत पंजीकृत हो।

समेकित शिक्षा की आवश्यकता तथा इसके उद्देश्य :-

समेकित शिक्षा कम एवं मध्यम श्रेणी के विकलांग बच्चों को बहुत ही जरूरी है। समेकित शिक्षा को मुख्य धारा में लाना इन बच्चों में आत्म विश्वास एवं आत्म सम्मान की भावना का विकास करना।

1. कम एवं मध्यम श्रेणी के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्रदान करना।
2. 6-11 वयवर्ग बच्चों को सामान्य बच्चों की ही तरह सामान्य अवसर प्रदान करना।
3. स्कूल में ऐसा वातावरण बनाना जिससे कि इन बच्चों में आत्म विश्वास एवं समाजीकरण की भावना का विकास हो।
4. समुदाय एवं अभिभावकों का संवेदीकरण/निर्देशन एवं उनका सहयोग प्राप्त करना।
5. कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना।
6. जनसमुदाय को जागृत करना।
7. स्थानीय विकलांग बच्चों की समेकित शिक्षा एवं स्वावलम्बन हेतु सामूहिक उत्तरादायित्व हेतु बोध का प्रयास करना।
8. प्रत्येक विकलांग बच्चे को अनिवार्यतः प्राथमिक शिक्षा का सुनिशिचितीकरणउ करना।
9. मास्टर ट्रेनर की पहचापन एवं उन्हें प्रशिक्षण कराना।
10. प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कराना।
11. प्रत्येक विद्यालय में विकलांग बच्चों का आई0ई0पी0 (इन्डिविजुऐलाइज्ड एजूकेशनल प्लान) तैयार कराना।
12. रिसोर्स टीचर/मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नियमित विद्यालयों का भ्रमण एवं आवश्यक शैक्षिक सपोर्ट दिलाना।
13. समाज द्वारा अन्य सामान्य लोगों की भांति इन अक्षताग्रस्त बच्चों को स्वीकृति दिलाना और उन्हें शिक्षा व रोजगार के समान अवसर उपलब्ध कराना।
14. स्वस्थ सामाजिक सम्बन्ध विकसित कराना जिससे सामान्य बच्चों का अक्षमताग्रस्त बच्चों के प्रति भेदभाव मूलक दृष्टिकोण को बदलकर अनुकूल तथा सकारात्मक बनाया जा सके।
15. जीवन के रहन-सहन के स्तर को उन्नत करने के लिये इन बच्चों के नागरिक अधिकारों के उपभोग हेतु आवश्यक सामार्थ्य का विषय/विकास सुनिश्चित करना।
16. उन्हें स्वतंत्र तथा आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत करने हेतु तैयार करना।

विशेष शैक्षिक प्रावधान :-

विकलांग व अक्षमताग्रस्त बच्चों को कई प्रकार के शैक्षिक प्रावधान उपलब्ध कराये गये है जिनमें से कुछ इस प्रकार है-

1. समेकित शिक्षा विन्यास (क्षतिपूरक सहायक उपकरण)।
2. समेकित शिक्षा की व्यवस्था (पाठयक्रम में कुछ आवश्यक परिवर्तन)।

बच्चों की विशेष आवश्यकता के अनुसार विषय वस्तु को सामान्य अध्यापक विशेष अध्यापक के परामर्श से तैयार कर सकते है।

3. समेकित शिक्षा भवन (विशेष प्रकार के विद्यालय)

आधारभूत अकादमी कौशलों के विकास के बाद इनमें से अधिकतर बच्चों को सामान्य विद्यालय में पढ़ाया जा सकता हैं

एकीकृत शिक्षा को सहज बनाने वाले कारक :-

1. सामान्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की पहचान एकदम प्रारम्भ में करना उपयुक्त है।
2. इन बच्चों को निरन्तर उपचारात्मक सेवायें उपलब्ध कराना साथ ही उपकरणें के उपयोग सुझाना।
3. बच्चों में रचनात्मक विश्वास जागृत करना तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिये मानसिक रूप से तैयार करना।
4. संसाधन (विशेष) अध्यापक की सहायता से अतिरिक्त सामग्री तैयार करना।
5. समेकित शिक्षा में पढ़ने वाले बच्चों के लिये पाठ्यक्रम पर आधारित विषयवस्तु में परिवर्तन कर पहले से ही शिक्षा की रूपरेखा तैयार करना।
6. विद्यालय की प्रत्येक प्रकार की गतिविधि में प्रत्येक विद्यार्थी की भागीदारी सुनिश्चित करना जिससे बौद्धिक विकास के यि सबको समान अवसर मिल सके।

इस शिक्षा को सफल प्रभावी तथा अर्थपूर्ण बनाने में सबसे महत्वपूर्ण कारक विकलांग बच्चों के साथ शिक्षक का स्नेहपूर्ण तथा सकारात्मक व्यवहार है। इसके अतिरिक्त शिक्षण सम्बन्धी परिवत्रन या सुधार की अन्तर्दृष्टि भी अपेक्षित है जिससे कि इन बच्चों की आवश्यकता अनुसार शिक्षण अधिगम की व्यवस्था हो सके जिससे कि इन्हें भी समाज का अंग माना जाये।

जनपद बाराबंकी में समेकित शिक्षा में किये गये कार्य :-

जनपद बाराबंकी में लगभग 5000 विकलांग बच्चें है, सबसे अधिक संख्या शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों की है पूर्ण रूप से दृष्टिकोण बच्चों की संख्या सबसे कम है। इन बच्चों में अधिकांश बच्चे ऐसे अक्षम है जिसके लिये कोई विशेष शिक्षण विधि की आवश्यकता नहीं होती और थोड़े से विशेष प्रयास के साथ इन बच्चों को अन्य सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा की मुख्य धारा में लाया जा रहा है।

जनपद बाराबंकी में समेकित शिक्षा कार्यक्रम दो चयनित विकासखण्डों में हैदरगढ़ और देवां में चलाया जा रहा है। जिसमें कि निम्नलिखित कार्यक्रम कराये गये है।

1. मेडिकल असिस्मेन्ट

दो विकास खण्डों में 0 से 14 वर्ष में विकलांग बच्चों का मेडिकल असिस्मेन्ट कराया गया है, तथा विकलांगता प्रमाण पत्र भी दिये गये है यह शिविर तीन न्यायपंचायतों में लगाये जाते है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा संचालित डाक्टर की टीम जिसमें

अस्थि विशेषज्ञ, नाक, कान, गला विशेषज्ञ, ई0एन0टी0 विशेषज्ञ नेत्र, विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, तथा सी0एम0ओ0/डिप्टी सी0एम0ओ0 जाते हैं परीक्षणों परान्त आवश्यक उपकरण क्या दिये जायें उसकी सूची बनाकर दी जाती है कि किस बच्चे को क्या सहायक उपकरण दिया जा सकेगा साथ ही विकलांगता प्रमाण-पत्र भी दिये जाते हैं।

जनपद में वितरित उपकरण 2001-2002

मेडिकल एसेसमेन्ट शिविरों में परीक्षण किये गये बालक/बालिका (विकासखण्ड दरियाबाद/हैदरगढ़)

दृष्टि		श्रवण		टस्थि		मानसिक		सन्दर्भित		कुल योग		योग
बालक	बलिका	बालक	बलिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालिका	बालक	
33	14	40	24	299	152	18	12	24	20	390	202	592

मेडिकल एसेसमेन्ट शिविरों में परीक्षण किये गये बालक/बालिका (चयनित चार विकासखण्ड)

दृष्टि		श्रवण		टस्थि		मानसिक		सन्दर्भित		कुल योग		योग
बालक	बलिका	बालक	बलिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालिका	बालक	
15	17	19	19	275	158	14	7	43	18	376	219	595

मेडिकल एसेसमेन्ट शिविरों में परीक्षण किये गये बालक/बालिका (जनपद-बाराबंकी)

दृष्टि		श्रवण		टस्थि		मानसिक		सन्दर्भित		कुल योग		योग
बालक	बलिका	बालक	बलिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालिका	बालक	
154	103	110	86	1381	860	118	78	254	181	195	1308	3265

विकासखण्ड हैदरगढ़ में वितरित उपकरण/उपस्कर

क्रमसंख्या	उपलब्ध कराये गये उपकरण	उपकरण संख्या
1.	बैसाखी	261
2.	ट्राईसाईकिल	205
3.	व्हील चेयर	180
4.	नेत्रहीन छड़ी	143
5.	श्रवण यन्त्र	160
6.	कृत्रिम अंग (कैलीपर)	798
7.	वाकिंग स्टिक	115
	योग	1862

विकलांग बच्चों का कक्षा 1 से 5 तक नार्मोकन

कक्षा 1		कक्षा 2		कक्षा 3		कक्षा 4		कक्षा 5		कुल योग		
बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	योग
66	42	131	86	301	191	318	200	301	188	1117	707	1824

विकलांग बच्चों का कक्षा 6 से 8 तक नार्मोकन

कक्षा 6		कक्षा 7		कक्षा 8		कुल योग		
बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	योग
314	244	268	188	130	91	712	519	1231

2. <u>वातावरण सृजन कार्यशाला -</u> जनपद में एक दिवसीय ब्लाक स्तर पर 21 वातावरण सृजन, जनजागरण कार्यशाला की गयी जिसमें अभिभावक (अक्ष्म बच्चों के) ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य तथा अध्यापकों, बी0आर0सी0सी0 तथा एन0पी0आर0सी0सी0 ने प्रतिभाग किया इसमें अभिभावकों का मार्गदर्शन किया गया तथा समाज शिक्षक समुदाय घर, परिवार इन बच्चों के साथ अधिक से अधिक किस प्रकार से सहायक हो सकते हैं, आदि पर विशेष चर्चा की गयी कार्यशाला की अवधि 9 बजे प्रातः से 8 बजे तक थी।

3. प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों का प्रशिक्षण - चारों विकासखण्डों में समस्त प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमे कि 993 अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और प्रशिक्षण जारी है यह प्रशिक्षण पॉच दिवसीय है।
सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उपरोक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षक तथा बेहतर शिक्षण प्रणाली की महत्वपूर्ण शिक्षा होगी। सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्व प्रथम प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन के लिए पूरे जनपद का एक विजन विकसित किया जायेगा। जिसमें जनपद स्तरीय विकास खण्ड स्तररीय, न्याय पंचात स्तरीय एवं स्कूल स्तरीय अभिकर्मियों की भागीदारी होगी। इस हेतु चार दिवसीय विजनिंग कार्यशाला का आयोजन डायट स्तर पर किया जायेगा। जिसमें जनपद स्तरीय शिक्षा विभाग के अभिकर्मियों डायट संकाय के सदस्यों जिला परियोजना कार्यालय के अभिकर्मियों न्याय पंचायत / विकास खण्ड स्तरीय अभिकर्मियों की भागीदारी होगी। जिसमें मुख्यतः सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्यों, लक्ष्यों बच्चों की वर्तमान स्थिति एवं उसमें बदलाव के लक्ष्यों, शिक्षकों, विद्यालयों तथा कक्षा--कक्षों की प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति तथा उसमें बदलाव के लक्ष्यों को दृष्टिगत रखते हुए सहभागिता आधारित निष्कर्ष एवं सहमतियां तय की जायेंगी। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शिक्षकों के लिए विजनिंग कार्यशालाओं का आयोजन न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों पर किया जायेगा। कार्यरत शिक्षकों के शिक्षण कौशल में अभिवृद्धि, शिक्षकों की दक्षता तथा उनके विषय ज्ञान को बढ़ाने के लिए सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष में एक बार आयोजित करने की रणनीति के स्थान पर सेवारत प्रशिक्षणों को सतत प्रक्रिया के रूप में आयोजित किया जायेगा। सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षक प्रशिक्षण को इस प्रकार श्रृंखलाबद्ध नियोजित

किया जायेगा कि बी0आर0सी0 स्तर पर 6 से 8 दिवसों के लिए तथा इसके अनुक्रम में लघु अवधि के प्रशिक्षण एवं कार्यशालायें मुख्यतः एन.पी.आर.सी. स्तर पर आयोजित की जायेंगी। प्रशिक्षण की यह कार्य योजना शिक्षकों के लिए नियमित आधार पर अभिमुखीकरण में सहायक सिद्ध होगी। डी.पी.ई.पी के अन्तर्गत आयोजित सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों से प्राप्त प्रशिक्षण अनुभवों तथा वर्तमान में अनुभूत आवश्यकताओं यथा बहु कक्षा एवं बहु स्तरीय शिक्षण विधियों की जानकारी वास्तविक शिक्षण समय को बढ़ाना प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए निर्धारित नवीन पाठ्यक्रम और पाठ्य वस्तुओं के प्रभावी एवं बेहतर उपयोग आदि के आलोक में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे।

प्राथमिक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण

सर्व शिक्षा अभियान के प्रथम वर्ष में समस्त प्राथमिक शिक्षकों शिक्षा मित्रों सहित को बहु कक्षा शिक्षण/बहु श्रेणी शिक्षण का 10 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। जिसमें से 7 दिनों का प्रशिक्षण ब्लाक संसाधन केन्द्र स्तर पर तथा शेष तीन दिवस का प्रशिक्षण क्रमशः एक–एक माह के अन्तराल पर न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र स्तर पर आयोजित किया जायेगा। जिसका विवरण निम्नवत है।

1. तीन दिवसीय विजनिंग कार्यशाला का आयोजन।
2. बहु कक्षा शिक्षण की दृष्टि से पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण सामग्री निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार एक–एक दिवसीय तीन कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी।
3. मैटीरियल मेले का आयोजन
4. विकास खण्ड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण के फालो अप के लिए पाठ्य प्रस्तुतीकरण पर आधारित मासिक प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी।

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों/शिक्षा मित्रों का प्रशिक्षण

वर्ष	प्राथमिक	उच्च प्राथमिक	दर	अनुमानित व्यय
2002–2003			80.00	
2003–2004				
2004–2005				
2005–2006				
2006–2007				

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों/शिक्षा मित्रों के टी.एल.एम. का प्रशिक्षण

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों/शिक्षा मित्रों का प्रशिक्षण

वर्ष	प्राथमिक	उच्च प्राथमिक	दर	अनुमानित दर
2002–2003			500.00	
2003–2004				
2004–2005				
2005–2006				
2006–2007				

उपरोक्त कार्यक्रम वर्ष के पाँच वर्ष के महीनों में आयोजित होगा। जिसके लिए प्रशिक्षण का ऐजेण्डा डायट द्वारा तैयार किया जायेगा। न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण, कार्यशालाओं तथा गोष्ठियों का अभिलेखीकरण न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयक द्वारा ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर आयोजित होन वाले प्रशिक्षणों का अभिलेखीकरण बलक संसाधन केन्द्र समन्वयकों द्वारा किया जायेगा। ब्लाक ससाधन केन्द्रों पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुश्रवण डायट के ब्लाक मेन्टर द्वारा तथा न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, गोष्ठियों का अनुश्रवण समन्वयक ब्लाक संसाधन केन्द्र तथा डायट के ब्लाक मेन्टर द्वारा किया जायेगा। सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम

के प्रथम वर्ष के शिक्षक प्रशिक्षण के लिए रू0 80.00 प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से रूपया 56,00,000.00 (रूपया छप्पन लाख) अनुमानित व्यय होगा।

द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण में अध्यापकों की आवश्यकता पर आधारित मुख्यतः भाषा एवं गणित विषय की दक्षता को केन्द्रित कर दिया जायेगा। जिसमें सात दिनों का प्रशिक्षण ब्लाक संसाधन केन्द्र स्तर पर तथा शेष तीन दिनों का प्रशिक्षण एक एक माह के अन्तराल पर न्याय पंचायत केन्द्र पर आयोजित किया जायेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है :–

1. न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र स्तर पर वर्ष के सात महीनों में मासिक प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे जिसमें ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण के फालोअप को ध्यान में रखकर डाय द्वारा तैयार किये गये ऐजेण्डा का उपयोग किया जायेगा।
2. वास्तविक शिक्षण समय को बढ़ाने के लिए नवीन रणनीतियों सम्बन्धी तीन दिवसीय प्रशिक्षण न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र स्तर पर आयोजित किया जायेगा। सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के द्वितीय वर्ष के शिक्षक प्रशिक्षण के लिए रुपये 80 प्रति व्यक्ति प्रति दिन की दर से रूपया 56,00,000.00 (रूपया छप्पन लाख) अनुमानित व्यय होगा।

सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के तृतीय वर्ष में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू विषय के शिक्षण के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 8 दिवसीय होगा जिस पर रू0 80.00 प्रतिभागी प्रतिदिन की दर से रूपये 56,00,000.00 (रूपये छप्पन लाख) अनुमानित व्यय होगा।

सर्व शिक्षा अभियान के चौथे वर्ष के शिक्षक प्रशिक्षण में पाठ्य पुस्तक प्रशिक्षण सामग्री निर्माण हेतु 8 दिवसीय प्रशिक्षण ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा। जिसके तारतम्य में न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र पर लघु प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी।

1. एन.पी.आर.सी. स्तर पर अनुपूरक साम्रगी विकसित करने हेतु 2 दिवसीय कार्यशालायें जिसमें न्यायपंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालयों के सभी शिक्षकों को सम्मिलित करते हुए आयोजित की जायेंगी।

2. डायट द्वारा तैयार किये गये ऐजेन्डे के अनुसार प्रशिक्षण के फालो अप हेतु एन.पी.आर. सी स्तरीय मासिक प्रशिक्षण कार्यशालाएं वर्ष के 7 महीनों में आयोजित की जायेंगी। इन प्रशिक्षणों पर प्रतिदिन प्रति प्रतिभागी रु0 80.00 की दर से रू0 56,00,000.00 (रूपये छप्पन लाख) अनुमानित व्यय होग।

सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के पाँचवे वर्ष के प्रशिक्षण में उपरोक्त चार वर्षों के फालोअप से उभरी समस्याओं के निराकरण एवं शिक्षकों की आवश्यकताओं का आंकलन करके प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 10 दिवसीय होगा। जिसमें 5 दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा शिक्षण पर आधारित होगा। तथा शेष प्रशिक्षण में पूर्व में दिये गये प्रशिक्षणों की पुनरावृत्ति पर ध्यान दिया जायेगा।

उच्च प्राथमिक स्तरीय शिक्षकों का प्रशिक्षण

सर्वशिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता संबर्धन के साथ–साथ उच्च प्राथमिक स्तरीय शिक्षा की गुणवत्ता संबर्धन के लिए समस्त परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा इण्टरमीडिएट कालेजों के कक्षा 6 से 8 तक का शिक्षण कार्य करने वाले प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण :– प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण मुख्यतः अभिप्रेरणा पर आधारित होगा जिसमें मुख्यतः लिंग भेद, स्कूल प्रबंधन, छात्रों के प्रति संवेदनशीलता बृहत्तर सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता एवं गुणात्मक परिवर्तन के प्रति इच्छा शक्ति जागृत करने पर जोर दिया जायेगा यह प्रशिक्षण आठ दिवसीय होगा जिसमें प्रथम पांच दिवसों को प्रशिक्षण प्रशिक्षण–कक्ष में आयोजित होगा शेष में से दो दिनों का कक्षा कक्ष में आयोजित होगा और कक्षा कक्ष की प्रक्रियाओं में अध्यापक के क्रिया कलाप के द्वारा उक्त प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा और आखिरी दिन प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागी शिक्षकों की समीक्षा की जायेगी कि वे किस स्तर तक प्रशिक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त कर पाये हैं।

दूसरे वर्ष के प्रशिक्षण में वस्तु अवधारणात्मक तथ्यों को स्पष्ट करने हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण की विषय वस्तु निम्नवत् होगी ।

विद्यालय विकास में छात्रों एवं अनुशासन की भूमिका शिक्षण विधियाँ (भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) सम्प्रेषण, सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन सीखना, सीखने की प्रक्रिया, सीखने को प्रभावित करने वाले कारक आदि। इस प्रशिक्षण के आठ दिन बी.आर.सी रतर पर आयोजित होंगे तथा शेष दो दिन की अवधि में एन.पी.आर.सी. स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित होगा। एन.पी.आर.सी. स्तर का यह प्रशिक्षण दो माह में पूर्ण होगा। यह अवधि प्रशिक्षणों के फालोअप के लिए रखी गयी है।

तृतीय वर्ष का प्रशिक्षण – इस वर्ष के प्रशिक्षण में विज्ञान प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जायेगा

उक्त प्रशिक्षणों का आयोजन विकास खण्ड स्तर पर आयोजित कर लिया जायेगा। जिस विकास खण्ड में कम से कम शिक्षक होंगे उसे बगल के विकास खण्ड ने समायोजित कर दिया जायेगा।

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2002 से 2007 तक प्रस्तावित प्रशिक्ष

कार्यक्रम योजना

क्र0 सं0	वर्ष / गतिविधियां	2002–03	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
1	1. कार्यशाला / रोगिनार प्राथमिक	1. आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1. आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1.आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1.आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1.आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला
	उच्च प्राथमिक	1. आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1. आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1.आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1.आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला	1.आवश्यकताओं का आंकलन 2. गणित के कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. शिक्षण अधिगम सामग्री निमाण विषय कार्यशाला
02	प्रशिक्षण प्राथमिक	1. प्रधानाध्यापक प्रशि0 2. भाषा अध्यापक प्रशिक्षण 3. आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण	1. प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण 2. गणित अध्यापक प्रशिक्षण 3. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	1. प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण 2. विज्ञान अध्यापक प्रशिक्षण 3. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	1. प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण 2. अंग्रेजी अध्यापक प्रशिक्षण 3. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	1. प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण 2. पूर्व प्रशिक्षण का बृहद मूल्यांकन एवं अनुश्रवण
	उच्च प्राथमिक	1. गणित अध्यापक प्रशिक्षण 2. विज्ञान अध्यापक प्रशिक्षण 3. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	1. अंग्रेजी अध्यापक प्रशिक्षण 2. संस्कृत अध्यापक प्रशिक्षण 3. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	1. पर्यावरणीय अध्ययन अध्यापक प्रशिक्षण 2. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन 3. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	1. हिन्दी, व्यायाम, स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण 2. मूल्य आधारित प्रशिक्षण 3. पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	1. पूर्व प्रशिक्षण का बृहद मूल्यांकन एवं अनुश्रवण
	क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण	1. एस.डी.आई., ए.बी. एस.ए. की क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण	1. क्षमता संबंर्धन हेतु अनुभूति समस्याओं के सापेक्ष एस.डी. आई / ए.बी.एस.ए. का प्रशिक्षण	1. क्षमता संबंर्धन हेतु अनुभूति समस्याओं के सापेक्ष एस.डी. .आई / ए.बी.	1. एस.डी.आई. / ए.बी.एस.ए. की प्रशिक्षण एवं समस्याओं को निराकरण तथा अन्य सुझाव।	1. एस.डी.आई. / ए.बी.एस.ए. को पूर्व प्रदत्त प्रशिक्षण का मूल्यांकन

			एस.ए. का प्रशिक्षण		
	2. बी.आर.सी./ए.बी. आर.सी. तथा एन.पी. आर.सी. समन्वयकों का प्रशिक्षण श्रेणीकरण	2. विद्यालयी समस्याओं के आंकलन हेतु बी. आर.सी., ए.बी. आर.सी तथा एन. पी.आर.सी. समन्वयकों का, प्रशिक्षण	2. विद्यार्थियों, अध्यापक/अध्यापिकाओं की समस्याओं के निराकरण हेतु बी.आर.सी., ए. बी.आर.सी. तथा एन.पी. आर.सी. समन्वयकों का प्रशिक्षण	2. बी.आर.सी. ए.बी.आर.सी. तथा एन.पी.आर. सी. समन्वयकों की श्रेणीकरण के प्रभाव का आकलन	2. बी.आर.सी. ए.बी.आर.सी. समन्वयकों की समस्याओं का मूल्यांकन
	3. अनुदेशक प्रशिक्षण, पर्यवेक्षक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	3. अनुदेशक प्रशिक्षण, पर्यवेक्षक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	3. अनुदेशक प्रशिक्षण, पर्यवेक्षक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	3. अनुदेशक प्रशिक्षण, पर्यवेक्षक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	3. अनुदेशक प्रशिक्षण, पर्यवेक्षक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन
	4. डयट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	4. डयट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	4. डयट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	4. डयट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	4. डयट संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण
श्रेणीकरण	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण	श्रेणीकरण
शोध	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव	क्रियात्मक शोध प्रस्ताव
	1. बी.आर.सी. एवं एन. पी.आर.सी. स्तर पर	1. बी.आर.सी. एवं एन.पी.आर.सी., स्तर पर	1. बी.आर.सी. एवं एन.पी.आर. सी. स्तर पर	1. बी.आर.सी. एवं एन.पी.आर. सी. स्तर पर	1. बी.आर.सी. एवं एन.पी.आर. सी. स्तर पर
	2. डायट स्तर पर	2. डायट स्तर पर	2. डायट स्तर पर	2. डायट स्तर पर	2. डायट स्तर पर
जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं	जनपद स्तर पर	जनपद स्तर पर	जनपद स्तर पर	जनपद रतर पर	जनपद स्तर पर
	1. टी.एल.एम. प्रतियोगिता का आयोजन	1. कला प्रतियोगिता	1. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता	1. टी.एल.एम. प्रतियोगिता	1. विज्ञान प्रतियोगिता
	2. कक्षा शिक्षण प्रतियोगिता	2. टी.एल.एम. प्रतियोगिता	2. विज्ञान प्रतियोगिता	2. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता	2. टी.एल.एम. प्रतियोगिता
	3. सुलेख प्रतियोगिता	3. विज्ञान प्रतियोगिता	3. वाद–विवाद प्रतियोगिता	3. श्रुति लेख प्रतियोगिता	3. वाद–विवाद प्रतियोगिता

अन्य विशेष प्रशिक्षण

1. कम्प्यूटर उपयोग सम्बन्धी प्रशिक्षण।
2. लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण।
3. नेतृत्व क्षमता विकास सम्बन्धी।
4. स्कूल प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण।
5. सूक्ष्म नियोजन एवं स्कूल मानचित्रण।
6. व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी प्रशिक्षण।
7. समुदाय, छात्र एवं शिक्षक के बीच सह सम्बन्ध स्थापित करने सम्बन्धी प्रशिक्षण।
8. शिक्षा मित्र/आचार्य जी प्रशिक्षण।
9. समय प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण।

कम्प्यूटर उपयोगी प्रशिक्षण :– इस निमित्त दस उच्च प्राथमिक विद्यालयों के चुने हुए शिक्षकों को कम्प्यूटर उपयोग सम्बन्धी प्रशिक्षण डायट में प्रदान किया जायेगा इस प्रशिक्षण हेतु डायट के सदस्यों को एक माह का आधार भूत प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा इस प्रशिक्षण के माड्यूल का विकास डायट तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ के सहयोग से किया जायेगा।

इस प्रकार प्रशिक्षित उच्च प्राथमिक शिक्षक अपने विद्यालयों में छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर उपयोग सम्बन्धी शिक्षा प्रदान करेंगे।

लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण :– कक्षा में बालिकाओं के प्रति व्याप्त भेदभाव दूर करने के लिए बी.आर.सी. स्तर पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी।

नेतृत्व क्षमता विकास सम्बन्धी :– सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को नेतृत्व क्षमता विकास समय प्रबन्धन एवं विद्यालय प्रबन्धन का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

स्कूल प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षण :– स्कूल प्रबन्धन ही शैक्षिक गुणवत्ता की आधार शिला है, एक सुप्रबन्धित स्कूल में गुणवत्ता के तीनो पक्षों यथा स्कूल का भौतिक परिवेश, शिक्षक एवं शिक्षण अधिगम सम्बन्धी प्रक्रियायें तथा छात्रों

के मूल्यांकन सम्बन्धी क्रियाकलाप सुव्यवस्थित रूप से सचालित होते रहते है साथ ही उक्त प्रक्रियाओं के लिए समुदाय सहयोग आवश्यक है इन सभी वर्णित तथ्यों पर आधारित प्रशिक्षण जूनियर हाई सकूल के सभरत अध्यापको को प्रदान किया जायेगा। इसकी अवधि चार दिवसीय होगी इस प्रशिक्षण हेतु माड्यूल का विकास एवं मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण डायट के सहयोग से सीमेट इलाहाबाद द्वारा किया जायेगा।

सूक्ष्म नियोजन एवं स्कूल मानचित्रण सम्बन्धी प्रशिक्षण :— इन निमित्त तीन दिवसीय कार्यशाला बी.आर.सी. स्तर पर आयोजित की जायेगी। मास्टर ट्रेनरो का प्रशिक्षण डायट पर सीमेट से पधारे सन्दर्भ दाताओं द्वारा किया जायेगा। माड्यूल का निर्माण भी सीमेट इलाहाबाद द्वारा किया जायेगा।

व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी प्रशिक्षणः— यह प्रशिक्षण समस्त जूनियर हाईस्कूल के अध्यापकों को प्रदान किया जायेगा ताकि वे अपने छात्रों के भावी जीवन का मार्ग प्रशस्त कर सके।

समुदाय, छात्र एवं शिक्षक के बीच सह सम्बन्ध स्थापित करने सम्बन्धी प्रशिक्षण :— इस प्रशिक्षण हेतु तीन सदस्यी कमेटी प्रत्येक विद्यालय से जिसमें एक ग्राम प्रधान (यथा सम्भव महिला) एक अभिभावक परिषदीय जूनियर हाईस्कूल में पढ़ने वाले बच्चे का और सम्बन्धित स्कूल के प्रधानाध्यापक को प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण का माड्यूल राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विकसिक किया जायेगा।

शिक्षा मित्र/आचार्य जी प्रशिक्षणः— जनपद में चयनित होने वाले शिक्षा मित्रों तथा विद्या केन्द्रों के आचार्य जी के लिए तीस दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण डायट स्तर पर आयोजित किया जायेगा। यह प्रशिक्षण शिक्षा मित्रों के लिए सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण के लिए अतिरिक्त होगा।

समय प्रबन्धन सम्बन्धी प्रशिक्षणः— इस निमित्त जू0 हाई स्कूल के प्रत्येक सहायक अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का माड्यूल राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विकसित किया जायेगा।

ई0सी0सी0ई0 केन्द्रों के अनुदेशक का प्रशिक्षण :– पूर्व प्राथमिक शिक्षा की दृष्टि से स्थापित शिशु शिक्षा केन्द्रों की कार्य कत्रियो तथा सहायिकाओं के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण डायट में आयोजित किया जायेगा इस प्रशिक्षण हेतु राज्य शिक्षा संस्थान इलाहाबाद द्वारा विकसित प्रशिक्षण का निर्माण किया जायेगा।

बी0आर0सी0/एन0पी0आर0सी0 समन्वयकों का प्रशिक्षण :– डीपीईपी के अन्तर्गत उक्त समन्वयकों द्वारा परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को शैक्षिक सपोर्ट एवं अनुसमर्थन प्रदान किया जा रहा है। सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम में अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेज मे 6–8 के शिक्षकों को भी अकादमिक सहयोग प्रदान किया जाना है। इस निमित्त बी. आर.सी./एन.पी.आर.सी. समन्वयकों की क्षमता में अभिवृद्धि की आवश्यकता है इस दृष्टि से बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. समन्वयकों का उनके कार्य तथा दायित्व सम्बन्धी अकादमिक पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में सात दिवसीय प्रशिक्षण डायट में आयोजित किया जायेगा। इस प्रशिक्षण माड्यूल का विकास जनपद की आवश्यकताओं के अनुरूप राज्य स्तर पर किया जायेगा। बी.आर.सी./एन. पी.आर.सी. के समन्वयकों को उक्त प्रशिक्षण के अतिरिक्त समय–समय पर शिक्षा मित्र आचार्य जी, ई.सी.सी.ई. के अकादमिक पर्यवेक्षण हेतु विकसित किये गये प्रशिक्षण माड्यूल के आधार पर विकसित किया जायेगा।

<u>सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उप विद्यालय निरीक्षक का प्रशिक्षण</u>:– विकास खण्ड स्तर पर गुणवत्ता विकास कार्यक्रमों का नियोजन तथा क्रियान्वयन में ए.बी.एस.ए./एस.डी.आई. की महत्वपूर्ण भूमिका है इस दृष्टि से इनका पांच दिवसीय ओरिएण्टेशन प्रशिक्षण डायट स्तर पर सीमेट इलाहाबाद बाद द्वारा तैयार किये गये प्रशिक्षण माड्यूल के अनुसार निम्न बिन्दुओं पर आधारित होगा। क्षेत्रान्तर्गत स्थित विद्यालयों, बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी., वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों मकतब मदरसों आदि के अकादमिक पर्यवेक्षण तथा समुदाय की सहभागिता हेतु कार्यक्रम का अनुश्रवण।

ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण :– विद्यालय की गतिविधियों में समुदाय की भागीदारी बढ़ाने स्थानीय स्तर पर पर्यवेक्षण की कारगर व्यवस्था लागू

करने के लिए प्रत्येक दो वर्ष के अन्तराल पर ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों तथा जागरूक अभिभावकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम स्तर पर आयोजित किये जायेंगे। इस प्रशिक्षण में ग्राम शिक्षा समिति की सदस्यों के साथ साथ युवक मंडल दल के सदस्य माडल कलस्टर डेवलेपमेन्ट एप्रोच की दृष्टि से चयनित क्षेत्र में सामुदायित सहभागिता को बढ़ाने की दृष्टि से वूमेन्स, मेन्स ग्रुप, मदर टीचर्स एसोसिएशन, पैरेन्ट टीचर्स एसोसिएशन को भी प्रशिक्षित किया जायेगा।

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति हेतु सामुदायिक सहयोग

भारतीय संविधान की धारा 45 में शिक्षा सार्वजनीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसका तात्पर्य स्वतंत्र भारत का प्रत्येक नागरिक शिक्षित हो जाये, या कम से कम साक्षर तो हो ही जाय। शिक्षा के विकेन्द्रीकरण को दृष्टिगत रखकर संशोधित पंचायती राज्य अधिनियम लागू किया गया है जिसके अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समितियों की स्थापना की गयी। प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की प्रतिपूर्ति की दृष्टि से जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों के प्रबन्धन तथा कार्यक्रम क्रियान्वयन में सामुदाय के लगाव को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय सामुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज्य व्यवस्था के अनुसार स्थापित ग्राम शिक्षा समिति का विधिवत् गठन किया गया जिसका अध्यक्ष ग्राम प्रधान, सदस्य सचिव प्राथमिक विद्यालय का प्रधानाध्यापक होगा। ग्राम शिक्षा समिति में उक्त के अतिरिक्त महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति के अभिभावकों, विकलांग बच्चों के अभिभावकों, स्वयं सेवी संगठन के सदस्यों को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। ग्राम शिक्षा समिति प्राथमिक विद्यालयों के भवन मरम्मत निर्माण एवं अनुरक्षण, विद्यालय की अन्य सुविधाओ के साथ–साथ विद्यालय तथा शिक्षकों के कार्यों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करेगी। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक विकास खण्ड में नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों, स्वयं सेवी संगठन के सदस्यों, शिक्षकों, ग्राम सभा स्तर पर उत्साही युवकों

जिनकी संख्या प्रति विकास खण्ड 25 से 30 होगी, का गठन कर ब्लाक संसाधन समूह (बी.आर.जी.) तथा जिला संसाधन समूह (डी.आर.जी.) का गठन किया गया। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम सभा स्तर पर ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों के तीन दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण शिविर का प्राविधान है। ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों का अभिप्रेरण प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के लिए डायट गनेशपुर–बाराबंकी के नेतृत्व में बी.आर.जी. के सदस्यों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। ग्राम शिक्षा समितियों के अभिप्रेरण प्रशिक्षण शिविर में बी.आर.जी. के सदस्यों ने राज्य परियोजना कार्यालय विद्या भवन निशात गंज लखनऊ द्वारा विकसित प्रशिक्षण माड्यूल के आधार पर जनपद की कुल 1003 ग्राम शिक्षा समितियों में से प्रथम चक्र में आधी ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण वर्ष 2000–2001 तथा शेष ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण वर्ष 2001–2002 में आयोजित किया गया। वर्तमान में सभी ग्राम शिक्षा समितियाँ प्रशिशित हो चुकी है। अभिप्रेरण प्रशिक्षण शिविर निम्न बिन्दुओं पर आधारित थे :–

1. समुदाय तथा ग्राम शिक्षा समिति के अभ्यासों का सफलता पूर्वक प्रस्तुतिकरण।
2. ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों का कौशल निर्माण।
3. प्रतिभागिता उपागम, रोल प्ले, केस स्टडी, क्षेत्र भ्रमण एवं सम्प्रेषण अभ्यास।
4. समस्या समाधान, एवं प्रतिभागिता परक विश्लेषणात्मक अभ्यास कार्य।
5. गांव के सर्वांगीण शैक्षिक विकास हेतु सूक्ष्म नियोजन, शैक्षिक मानचित्रण एवं ग्राम शिक्षा योजना निर्माण।
6. लिंग भेद एवं बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता तथा विकलांग बच्चों की विशेष शिक्षा अभ्यास कार्य।

ग्राम शिक्षा समितियों के अभिप्रेरण प्रशिक्षण शिविर में प्रयुक्त माड्यूल (ग्राम शिक्षा समिति संकल्प एवं प्रयास) के अनुसार विद्यालय स्तर पर नियोजन, स्कूल न आने वाले बच्चों एवक उनके स्कूल न आने वाले कारणों की पहचान के लिए सूक्ष्म नियोजन तथा स्कूल मानचित्रण का कार्य किया

गया। ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण, विद्यालय विकास योजना तथा ग्राम शिक्षा योजना निर्माण से विद्यालयी क्रिया कलाप में समुदाय की भागीदारी बढ़ी है। जिससे स्थानीय स्तर पर पर्यवेक्षण में सुविधा तथा स्कूल न आने वाले बच्चे विशेषकर बालिकाओं के नामांकन एवं ठहराव में आशातीत वृद्धि हुई है। प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लिए समुदाय की सहभागिता में और अधिक वृद्धि करने के लिए विद्यालय के शिक्षण कार्य को देखने के लिए विद्यालय में आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय पर्वों एवं वार्षिक कार्यक्रमों के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय से सेवित समुदाय के लोगों को सम्मिलित किये जाने की आवश्यकता है। बच्चों की शिक्षा में परिवार एवं समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है।

अभिभावक के जागरूक होने पर बच्चों के विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव में सहयोग मिलता है। साथ ही परिवार के सदस्यों भाई बहन एवं माता–पिता के शिक्षित होने पर बच्चों को गृह कार्य करने में मदद मिलती है ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों के कम पढ़े लिखे या निरक्षर होने तथा शहरी क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों में आने वाले अधिकांश बच्चे गरीब परिवार के होने के कारण बच्चों की शिक्षा में सहयोग नहीं दे पाते। इस प्रकार ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों में शिक्षा के लिए बच्चों को मात्र शिक्षकों का ही सहयोग मिल पाता है। ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षणोंपरान्त कराये गये सर्वेक्षण से ह निष्कर्ष प्राप्त हुआ है कि लगभग 50 प्रतिशत विद्यालयों में समुदाय का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

सर्व शिक्षा अभियान के परियोजना स्टाफ का प्रशिक्षण :– जिला परियोजना कार्यालय के अभिकर्मियों एवं डायट के संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण सीमेट इलाहाबाद में परियोजना के प्रथम वर्ष में आयोजित किया जायेगा। इस प्रशिक्षण की विषयवस्तु सर्व शिक्षा अभियान के दिशा निर्देशों एवं कार्य योजना की रणनीतियों पर आधारित होगी। आगामी वर्ष में आवश्यकतानुसार रिफ्रेशर भी आयोजित किये जायेंगे।

अन्य हस्तक्षेपणीय उपाय :– सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अन्य हस्तक्षेपणीय उपायों में से एक विद्यालय में वास्तविक शिक्षण के समय में वृद्धि

करना है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की समय सारणी का अध्ययन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ताओं एवं अन्य सकाय सदस्यों द्वारा विद्यालयों के शैक्षिक भ्रमण के दौरान किया गया। जिसका विवरण निम्नवत है:–

कुल कार्य दिवस जिनमें विद्यालय खुला : 220

शिक्षण कार्य के लिए उपलब्ध दिवसों की संख्या – 160

विवरण	प्राथमिक स्तर	उच्च प्राथमिक स्तर
कुल कार्य दिवस	220	220
शिक्षण दिवस	160	200
परीक्षा पल्स पोलियो चुनाव ड्यूटी आर्थिक गणना ए0बी0एस0ए0 की बैठक, खेलकूद की रैली, बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी आदि	10 दिन 30 दिन	14 दिन
समुदाय से सम्पर्क	7 दिन	7 दिन

स्कूल समय सारणी के अनुसार जनपद बाराबंकी में उपलब्ध शिक्षण समय

विषय	प्राथमिक स्तर	उच्च प्राथमिक स्तर
	वादन x समय	वादन x समय
भाष 1 हिन्दी	10 x 40	3 x 40
भाषा 2 अंग्रेजी	3 x 40	3 x 40
भाषा 3 संस्कृत	3 x 40	3 x 40
विज्ञान	6 x 40	3 x 40
गणित	10 x 40	3 x 40
सामाजिक विषय	5 x 40	3 x 40
बेसिक क्राफ्ट / कला	5 x 40	3 x 40
शारीरिक शिक्षा	3 x 40	3 x 40

कृषि		2 x 40

प्राथमिक स्तरीय समय सारणी

कक्षा	प्रथम वादन	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	मध्य अवकाश	पंचम	षष्ठं	सप्तम्	अष्टम्
1.	हिन्दी	गणित	विज्ञान	पर्यावरणीय अध्ययन		हिन्दी	गणित	बुक क्राफ्ट शा0शि0	--
2.	हिन्दी	गणित	विज्ञान	पर्यावरणीय अध्ययन		हिन्दी	गणित	बुक क्राफ्ट शा0शि0	--
3.	हिन्दी	गणित	विज्ञान	पर्यावरणीय अध्ययन		हिन्दी / गणित	अंग्रेजी / संस्कृत	बुक क्राफ्ट शा0शि0	व्यायाम
4.	हिन्दी	गणित	विज्ञान	पर्यावरणीय अध्ययन		हिन्दी / गणित	अंग्रेजी / संस्कृत	बुक क्राफ्ट शा0शि0	व्यायाम
5.	हिन्दी	गणित	विज्ञान	विज्ञान		हिन्दी / गणित	अंग्रेजी / संस्कृत	बुक क्राफ्ट शा0शि0	व्यायाम

उच्च प्राथमिक स्तरीय समय सारणी

कक्षा	प्रथम वादन	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	मध्य अवकाश	पंचम	षष्ठं	सप्तम्	अष्टम्
6	हिन्दी	विज्ञान	सा0 विज्ञान	गणित		संस्कृत	अंग्रेजी	कृषि	कला / व्यायाम
7	हिन्दी	गणित	सा0 विज्ञान	विज्ञान		संस्कृत	अंग्रेजी	कृषि	कला / व्यायाम
8	विज्ञान	विज्ञान	गणित	सा. विज्ञान		अंग्रेजी	कृषि	संस्कृत	कला / व्यायाम

कार्य शालाओं / गोष्ठियों का आयोजन

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत न्यायपंचायत संसाधन केन्द्रों पर न्याय पंचायत समन्वयक के नेतृत्व में होने वाली बैठकों को और अधिक उपादेयी बनाने की दृष्टि से डायट स्तर पर एक वार्षिक कार्ययोजना भी बनायी जायेगी तथा तैयार की गई वार्षिक कार्ययोजना के आधार पर निम्नवत् कार्यशालाओं/गोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा।

1. बच्चों के सम्प्राप्ति स्तर की स्थिति।
2. अनुपूरक अध्ययन सामग्री निर्माण।
3. विज्ञान शिक्षण हेतु शिक्षकों के लिए अनुपूरक अध्ययन सामग्री विकास
4. छात्र/छात्राओं की सम्प्राप्ति के मूल्यांकन टेस्ट आइटम का निर्माण।
5. समुदाय की सहभागिता विद्यालय प्रबन्धन में कैसे बढ़ायी जाये।
6. छात्र/छात्राओं के गणवेश में आने हेतु प्रेरित करने के लिए संगोष्ठी
7. छात्र/छात्राओं के बुद्धि लब्धि के परीक्षण के लिए टेस्ट आईटम का निर्माण
8. कक्षा कक्षों में प्रशिक्षण का प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए विचार गोष्ठी

ऐक्शन रिसर्च

जनपद में विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों द्वारा ऐक्शन रिसर्च का कार्य किये जाने की दृष्टि से पांच दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित की जायेगी। इन कार्यशालाओं के आयोजन में सीमेट इलाबाद तथा निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ का सहयोग लिया जायेगा। बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. को इस दृष्टि से सक्षम बनाया जायेगा कि शिक्षक अपनी अनुभूत समस्याओं के निदान के लिए स्वयं अपनी कार्य योजना बनाये और समाधान ढूढ़ने में सफल हो सके।

क्रियात्मक शोध हेतु प्रस्तावित क्षेत्र इस प्रकार है:-

1. शिक्षक अनुदान का सार्थक उपयोग किस प्रकार सम्भव है ?
2. बहु कक्षा शिक्षण की स्थितियों में विभन्न विषयों का शिक्षण किस प्रकार किया जाये ?
3. बच्चों के सतत् व्यापक मूल्याकंन में मानीटर का सहयोग कैसे ?

4. कक्षा कक्ष की प्रक्रिया (क्लास रूम प्रोसेस) में सहभागिता बढ़ाने के प्रयास ?
5. शिक्षण प्रशिक्षण का कक्षा में क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु संकेतकों (इन्डीकेटर्स का विकास) ?
6. बच्चों की न्यून सम्प्राप्ति स्तर होने के कारणों की पहचान ?
7. बच्चों की न्यून सम्प्राप्ति स्तर होने के कारणों की पहचान ?
8. समुदाय को विद्यालय के करीब लाने हेतु प्रयास ?
9. शिक्षकों एवं छात्रों के बीच अंतः सम्बन्ध विकसित करने के लिए प्रयास?
10. अध्यापकों द्वारा सक्रिय अधिगम पद्धति को प्रयोग में न लाना ?
11. धीमी गति से सीखने वाले बच्चों की सहायता देने की विधियां खोजना
12. उद्देश्य पूर्ण शिक्षण करना।
13. बहु श्रेणी कक्षा शिक्षण।
14. प्राथमिक विद्यालयों में बालिकाओं का कम नामांकन होने की समस्या।
15. विद्यालय परिसर के दुरूपयोग की समस्या।
16. अल्पसंख्यक बालिकाओं की कम नामांकन की समस्या।
17. छात्रों का लेखन अच्छा न होने की समस्या।
18. मध्यावकाश के पश्चात कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति कम होने सम्बन्धी समस्या।
19. अधिकांश छात्रों का विद्यालय गणवेश में न आने का अध्ययन व समाधान।
20. छात्रों की अनियमित उपस्थिति।
21. छात्रों को स्थानीय मान का ज्ञान न होने के कारण उसका समाधान।
22. गणित विषय की पुस्तक में कुछ कठिन शब्दों का समावेश होने से छात्रों को समझने में होने वाली कठिनाई का निवारण।
23. दण्डात्मक शिक्षण प्रणाली के कारण विद्यालय में अधिकतर छात्रों की अनुपस्थिति रहने की समस्या एवं समाधान।

शैक्षिक सूचना प्रबन्धन प्रणाली

शैक्षिक नियोजन तथा प्रबन्धन को अधिकाधिक यथार्थ, प्रासंगिक आवश्यकतापरक तथा प्रभावपूर्ण बनाने हेतु शैक्षिक आंकड़ों तथा सूचनाओं की सुलभता आवश्यक है इसके लिए आधारभूत आंकड़ों तथ सूचनाओं के संकलन विश्लेषण तथा निष्कर्ष निर्धारण के सोपानों के माध्यम से शैक्षिक सूचना प्रबन्ध प्रणाली (डी.आई.एस.ई.) का विकास अपेक्षित होता है। विद्यालय, न्याय पंचायत, ब्लाक संसाधन केन्द्र, जनपद, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर सूचनाओं तथा आकड़ों को तैयार करने और उनके उपभोग के अनेक अवसर आते है। इस प्रसंग में यह विशेष उल्लेखनीय है कि सूचना संकलन तथा विश्लेषण के क्षेत्र में कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन सूचना प्रणाली एक नवोदघाटित आयाम है।

ई0एम0आई0एस0 द्वारा प्राप्त आकड़ों के विश्लेषण से प्रत्येक गांव/विद्यालय की मूल भूत समस्या एवं आवयकताओं की जानकारी मिलती है। ई0एम0आई0 एस0 आकड़ों को विश्लेषण से गुणवत्ता सूचकांका के द्वारा बच्चों की सम्प्राप्ति का विश्लेषण प्रस्तुत किया जायेगा।

ब्लाक संसाधन केन्द्र द्वारा ई0एम0आई0एस0 से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जायेगा जिससे उसका उपयोग शैक्षिक योजनाओं के नियोजन तथा क्रियान्वन में हो सकेगा।

प्रत्येक न्याय पंचायत प्रभारी एवं ब्लाक समन्वयक को आंकड़ों के विश्लेषण एवं उससे निष्कर्ष निकालने सम्बन्धी पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

इस प्रशिक्षण को लेने के उपरान्त उपरोक्त समन्वयक अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले विद्यालयों के अध्यापकों को ई0एम0आई0एस0 आंकड़ों के प्रयोग सम्बन्धी तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करेंगे।

जब विभिन्न स्कूलों का जिला स्तर पर कम्प्यूटरीकरण हो जायेगा तब विभिन्न प्रकार की 60 रिपोर्ट जनरेट की जा सकती है। इन रिपोर्टों का विश्लेषण एवं व्यवस्था करके जो मुद्दे उभरेंगे उनको ध्यान मे रखते हुए अगली योजना तैयार की जायेगी।

मूल्यांकन प्रणाली

छात्रों के मासिक वार्षिक मूल्यांकन की जो प्रणाली वर्तमान में प्रचलित है उसे परिवर्तित किये जाने की आवश्यकता है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा–5 की परीक्षा एन.पी.आर.सी. स्तर पर एवं कक्षा–8 की परीक्षा बी.आर.सी. स्तर पर आयोजित की जायेगी। मूल्यांकन की व्यवस्था डायट में होगी तथा प्रश्न पत्र निर्माण डायट में ही होगा।

साथ ही छात्रों के उपलब्धि के मूल्याकंन और उनहें फीडबैक प्रदान करने के लिए सतत् व्यापक मूल्यांकन की व्यवस्था की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन सम्बन्धी प्रशिक्षण माड्यूल निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा तैयार किया जा चुका है एवं जल्द ही अध्यापक का प्रशिक्षण (प्राथमिक स्तरीय) भी कराया जायेगा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को भी सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन सम्बन्धी अभिमुखीकरण भी कराया जायेगा।

सर्व शिक्षा अभियान एतद् विषयक प्रिशक्षण डायट/बी.आर.सी/एन.पी. आर.सी. समन्वयकों को भी प्रदान किया जायेगा ताकि वे इस प्रणाली का क्रियान्वयन विद्यालय स्तर पर सुनिश्चित कर सकें।

गुणवत्ता विकास में डायट की भूमिका

अकादमिक नेतृत्व प्रदान करना :– डायट द्वारा प्रत्येक स्तर पर अकादमिक नेतृत्व प्रदान किया जायेगा जनपद, विकास खण्ड, न्याय पंचायत स्तरीय अभिकर्मियों के लिए प्रशिक्षणों का नियोजन तथा क्रियान्वयन, अकादमिक पर्यवेक्षण तथा श्रेणीकरण हेतु अभिमुखीकरण तथा क्रियान्वयन विभिन्न स्तरीय अभिकर्मियों की क्षमता का विकास, शोध एवं मूल्यांकन, नवाचार कार्यक्रमों का संचालन तथा अनुश्रवण सामग्री विकास ई0एम0आई0एस0 आकड़ों का विश्लेषण तथा उपयोग आदि प्रमुख दायित्वों का डायट द्वारा जनपद स्तर पर निर्वाह किया जायेगा।

अकादमिक सन्दर्भ समूहो का सुदृढ़ीकरणः– जनपद स्तर पर गुणवत्ता विकास के लिए कार्यक्रमों का नियोजन, क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण गुणवत्ता विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों यथा प्रशिक्षण आदि से प्राप्त फीड बैक का विश्लेषण कर उनका समाधान प्रस्तुत करने हेतु अकादमिक संसाधन समूह गठित किया गया। जिसमें डायट स्टाफ के अतिरिक्त वाह्य विशेषज्ञ, शिक्षा विद्, कालेजों एवं अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल स्तर के शिक्षकों को भी जोड़ा जायेगा।

इनकी क्षमता संबंर्धन हेतु निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ के सहयोग से क्षमता विकास कार्यशाला डायट स्तर पर आयोजित की जायेगी।

यह कार्यशालाएं मुख्यतयाः अकादमिक पर्यवेक्षण, विशेष शिक्षण एवं स्कूल प्रबन्धन तथा शिक्षकों की समस्याओं का निवारण आदि बिन्दुओं पर केन्द्रित होंगी। तथा प्रतिवर्ष पांच दिवसीय आयोजित की जायेंगी।

पाठ्यक्रम एवं पाठ्य सामग्री का विकास (उच्च प्राथमिक स्तर के लिए)

प्राथमिक कक्षाओं (1 से 5 तक) हेतु संशोधित पाठ्यक्रम बेसिक शिक्षा परियोजना द्वारा जुलाई 1999 से तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं (6 से 8 तक) हेतु संशोधित पाठ्यक्रम जनवरी 2000 में अनुमोदित कराये जाने के उपरान्त मुद्रित कराकर सभी प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों को वितरित की गई है। शिक्षकों का प्रशिक्षण तथा कार्यशालाओं आदि के माध्यम से इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा कि वे इसका अधिकतम उपयोग कक्षा शिक्षण में कर सके।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा 6 से 8 तक के लिए संशोधित पाठ्यक्रम के आधार पर नवीन पाठ्य पुस्तक का विकास निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ के तत्वावधान में किया जा रहा है। इन पाठ्य पुस्तकों के आधार पर शिक्षक सन्दर्शिकाओं का विकास भी किया जायेगा।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन शिक्षक संदर्शिकाओं के प्रयोग सम्बनधी बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. समन्वयकों को प्रशिक्षण डायट स्तर पर प्रदान किया जायेगा।

किशोरी बालिकाओं के लिए पाठ्य सामग्रीः– सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों में उच्च प्राथमिक स्तर पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत बालिकाओं को ध्यान में रखकर इस प्रकार की शिक्षण अधिगम सामग्री विकसित की जायेगी जो किशोरी बालिकाओं की जीवन आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके तथा उन्हें भावी जीवन के लिए तैयार कर सके।

गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका

राज्य परियोजना कार्यालय विद्या भवन निशातगंज लखनऊ द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार नालन्दा संस्था लखनऊ द्वारा डायट गनेशपुर बाराबंकी तथा जनपद के चार ब्लाक संसाधन केन्द्रों क्रमशः रामनगर,सूरतगंज,सिरौली गौसपुर तथा पूरेडलई की तीन–तीन न्याय पंचायतो की संस्थागत क्षमता विकास के लिए तैयार की गयी कार्ययोजना के अनुसार कार्य प्रारम्भ किया गया। नालन्दा संस्था लखनऊ द्वारा तैयार की गयी कार्य योजना में जनपद की दो अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं 'पारिजात' एवं बालिका शिक्षा परियोजना हड्डीगंज बाराबंकी द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

डायट के लिए संस्थागत क्षमता विकास कायक्रम के लिए प्रशिक्षण की कार्य योजना

प्रशिक्षण का नाम	अवधि
मोटीवेशन टीम बिल्डिग फेज 1	दो दिवसीय
मोटीवेशनल टीम बिल्डिग फेज 2	आठ दिवसीय
न्यू पेडागाजिलक मेथडस	सात दिवसीय
प्रशिक्षण तकनीकी फेज 1	पॉच दिवसीय
प्रशिक्षण तकनीकी फेज2	पॉच दिवसीय
रिसर्च मेथोडोलिजी	पॉच दिवसीय

प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण(भाषा आधारित / गणित / पर्यावरणीय अध्ययन)फेज 1	चार दिवसीय
प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण(भाषा आधारित / गणित / पर्यावरणीय अध्ययन)फेज 2	चार दिवसीय
संस्थान प्रबन्ध फेज1	पाँच दिवसीय
संस्थान प्रबन्ध फेज 2	पाँच दिवसीय

ब्लाक संसाधन केन्द्र / न्याय पंचायत केन्द्र समन्वक की संस्थागत क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

टीम बिल्डिंग फेज 1	तीन दिवसीय
टीम बिल्डिंग फेज 2	तीन दिवसीय
कर्तव्य एवं उत्तरदात्वि फेज 1	दो दिवसीय
कर्तव्य एवं उत्तरदात्वि फेज 2	दो दिवसीय
विद्यालय प्रबन्ध	दो दिवसीय
गतिविधि नियोजन फेज 1	तीन दिवसीय
गतिविधि नियोजन फेज 2	तीन दिवसीय

ग्राम शिक्षा समितियों के लिए

मास्टर टेनर का प्रशिक्षण	नालन्दा द्वारा	पाँच दिवसीय
ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण प्रथमफेरा	पारिजातद्वारा	पाँच दिवसीय
ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण द्वितीय फेरा	हड्डीगंज	पाँच दिवसीय
ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण तृतीय फेरा	पारिजात	पाँच दिवसीय
ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण चतुर्थ फेरा	हड्डीगंज	पाँच दिवसीय
ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण पंचम फेरा	पारिजात	पाँच दिवसीय

ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण छठां फेरा	हड्डीगंज	पाँच दिवसीय
ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण सातवांफेरा	पारिजात	पाँच दिवसीय
ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण आठवां फेरा	हड्डीगंज	पाँच दिवसीय

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रशिक्षण

Heads/Sub Heads Activity	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	Toal
	भौतिक संख्या	भौतिक संख्या	भौतिक संख्या	भौतिक संख्या	भौतिक संख्या	भौतिक संख्या	भौतिक संख्या	भौतिक सख्या	भौतिक सख्या	भौतिक सख्या
Education Training mitra (30 Days 07x30)	809	229	299	169	78	81	81	84	85	1915
Education Training for Assistant Teacher (30x07)	809	166	300	169	79	80	82	83	85	1853
Education Training of Head Teacher (PS) (20x07)	0	63								63
Education Training of Head Teacher (UPS) (20x07)	0	90	90	50	50	52	0	0	0	332
In Service Teachers Training (20 days)		1701	1867	7010	7179	7258	7338	7420	7503	47276
Referecer Training of Shiksha Mitra (15 days)		809	1038	1337	1506	1584	1665	1746	1830	11515
Education Training of EGS/AIE Workers (30days) (30x07)	149	163	100	100	48					560
Refercer course of EGS/AIE workers (15days (15x07)	0	149	312	412	512	560	560	560	560	3625
Training for BRC Coodinator (20 days) (20x07)	15									15
NPRC Coordinator's Training (20 Days) (20*07)	136									136
Refresher Training for BRC Coordinator (5 Days)	0	15	15	15	15	15	15	15	15	120
Training of Resource person at (DIET) (20days)(20*07)	0	136	0	136	136	136	136	136	136	952
Staff devolopment Training for DIET's (7Days)										0
BRC/NPRC Coordinators management training by SIEMAT (20days)(20*02)	0	151	151	151	151	151	151	151	151	1206
ABSA/SDI Training (5days)(07*5)	30	30	30	30	30	30	30	30	30	270
Training for AE & JE (5Days) (07*5)	16	16	16	16	16	16	16	16	16	144
Honorarium to AE & JE	0	0	0	12	12	12	12	12	12	72
Teachers Training computer (UPS)/DIET faculty (20 days)	230	360	450	500	550	602	602	602	602	4498
Orientation of VEC's / Ward commity (2 days) (.07*2*25)	0	0	0	503	500	503	500	503	500	3009
Training of RCI (IED) (45 days) (45*.07)	0	10	11.025	110.25						131.275
Training orientation in IED (5 days)		1701	1867	7010	7179	7258	7338	7420	7503	47276
AWPB Review and training of core planning team by SIEMAT (5 days)		10	10	10	10	10	10	10	10	80
Training on EMIS by SIEMAT (5 days0		10	10	10	10	10	10	10	10	80
Teachers/ABSA/BRC/NPRC Staff training for gender sensetisation (3 days)										0

नवाचार कार्यक्रम

जनपद बाराबंकी में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता विकास हेतु सरकारी एवं गैर सरकारी अभिकर्मियों द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहें हैं, सरकारी स्तर पर किये गये प्रयासों में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों का आयोजन शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण के लिये 500 रू0 प्रति वर्ष अध्यापक अनुदान की व्यवस्था शिक्षण अधिगम सामग्री को बढ़ावा देने हेतु न्याय पंचायत, ब्लाक संसाधन केन्द्र , जनपद स्तर पर मैटीरियल मेलों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य परियोजना कार्यालय विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ द्वारा जनपद के विकासखण्ड हैदरगढ़ एवं त्रिवेदीगंज की न्याय पंचायतें क्रमशः बहुता, खरसतिया, एवं हैदरगढ़ नगरक्षेत्र के कुल 29 विद्यालयों में विकल्प योजना चलायी जा रही है। जिसका प्रमुख लक्ष्य कक्ष-1, और 2 के और बच्चों की भाषा और गणित में शैक्षिक सम्प्राप्ति को बढ़ाना है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिये निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किये गयें हैं।

1. बहुकक्षा शिक्षण की स्थिति में कक्षा को समूहों में बॉटकर अधिगम को प्रोत्साहित करना ।
2. शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रयोग को बढ़ावा देने ।
3. कक्षा-। और 2 के धीमीगति से सीखने वाले बच्चों के लिये उपचरात्मक शिक्षण की व्यवस्था करना ।
4. डी0पी0इ0पी0 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अनुपूरक के रूप में कार्य करना।

उत्कृष्ठ कार्य हेतु पुरूस्कार / प्रोत्साहन की व्यवस्था

सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तग्रत कार्यक्रमों का क्रियान्वयन जनपद में विभिन्न स्तरों पर किया जायेगा। कार्यक्रम के सफ़लतापूर्वक क्रियान्वयन में शिक्षकों ग्राम स्तरीय अभिकर्मियों , न्याय पंचायत/ ब्लाक संग़धन केन्द्र स्तरीय अभिकर्मियों/डायट संकाय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के क्रियान्वयन विशेषकर गुणवत्ता विकास हेतु कार्यक्रम का सुचारू संचालन एवं प्रत्येक स्तर पर उपयुक्त कार्य संस्कृति को स्थापित करने की दृष्टि से प्रत्येक स्तर पर कार्यरत अभिकर्मियों एवं शिक्षकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने तथा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले को प्रोत्साहन दिया जायेगा ।

डायट/बी0आर00सी0/एन0पी0आर0सी0 स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कैलेण्डर

क्रमांक	कार्यक्रम	अवधि
1	विजनिंग कार्यशाला	4 दिन
2	थ्शक्षक प्रशिक्षण हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण	8 दिन
3	थ्शक्षामित्र आचार्य जी प्रशिक्षण	30 दिन
4	वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र	3 दिन
5	ट0सी0सी0ई0 केन्द्र के अनुदेशकों का प्रशिक्षण	5 दिन
6	वे0आर0सी0/एन0पी0आर0सी0 समन्वयकों का प्रशिक्षण	7 दिन
7	ब्लाक संसाधन ग्रुप का प्रशिक्षण	3 दिन
8	कम्प्यूटर शिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण	15 दिन
9	अंग्रेजी तथा संस्कृत के विषयों हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण	8 दिन
10	नेतृत्व क्षमता विकास सम्बन्धी प्रशिक्षण	8 दिन
11	एक्शन रिसर्च हेतु प्रशिक्षण	5 दिन
12	विज्ञान शिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण	8 दिन
13	गणित शिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण	8 दिन
14	वास्तविक शिक्षण समय को बढ़ाने हेतु कार्यशाला	2 दिन
15	व्यक्तित्व क्षमता विकास कार्यशाला	3 दिन
16	स्मुदाय शिक्षक एवं अभिभावकोंके बीच अन्त सम्बन्ध विकसित करने हेतु कार्यशाला	5 दिन

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संकाय सदस्यों विकास

डायट संकाय के सदस्यों को भी कुछ क्षेत्रों में प्रशिक्षित किये जाने की आवश्यकता है जिससे प्रशिक्षणों आदि के आयोजन तथा दैनिक कार्यों के निष्पादन में सुविधा हो सके। डायट संकाय सदस्यों को निम्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है:-

1. समेकित शिक्षा कार्य हेतु संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण
2. कम्प्यूटर प्रशिक्षण
3. लाईब्रेरी संचालन व्यवस्था हेतु प्रशिक्षण ।
4. शैक्षिक तकनीकी उपकरणों को संचालित किये जाने विषयक प्रशिक्षण
5. मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला के उपकरणों / टेस्ट प्रयोगो का प्रशिक्षण
6. क्रियात्मक शोध प्रशिक्षण

सर्व शिक्षा अभियान का अकादमिक सुपरविजन

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के शैक्षिक अकादमिक पर्यवेक्षण हेतु न्याय पंचायत समन्वयकों ब्लाक स्तर पर सह समन्वयक ब्लाक संसाधन केन्द्र तथा डायट स्तर पर ब्लाक मेन्टर की भूमिका रही है। किन्तु कार्यक्रम के प्रभावी अनुश्रवण के लिये कुछ और अधिक परस्पर लिंकजेज की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। इस हेतु सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय , उच्च प्रा0वि0, न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों / ब्लाक संसाधन केन्द्रों तथा डायट के ब्लाक मेन्टर में परस्पर लिंकजेज बनाया जायेगा। समन्वयक न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र अपने अकादमिक अनुश्रवण का प्रतिवेदनों का समाधान नहीं हो पायेगा, उन्हेंसमन्वयक ब्लाक

संसाधन केन्द्र पर न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र से प्राप्त होने वाले जिन प्रतिवेदनों का समाधान नहीं हो पायेगा,उन्हें समन्वयक ब्लाक संसाधन केन्द्र द्वारा डायट स्तर पर आयोजित मासिक बैठक कार्यशाला में प्रस्तुत गणित अकादमिक संसाधन समूह के सदस्यों की मासिक बैठक में बी0आर0सी0 द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर चर्चा करके भविष्य में एजेण्डा तैयार किया जायेगा।

बी0आर0सी0 तथा एन0पी0आर0सी0 में गुणवत्ता विकास तथा संस्थागत क्षमता सम्वर्धन की भूमिका में इनका प्रशिक्षण तथ अभिमुखीकरण डायट स्तर पर किया जायेगा। प्रा0वि0,उ0प्रा0वि0, न्याय पंचायत, ब्लाक संसाधन केन्द्रों को उनके कार्य निष्पादन के आधार पर राज्य स्तर पर तैयार किये गये पैरामीटर (उददेश्यपरक मानक) के आधार पर श्रेणीकरण किया जायेग, तथा अपेक्षित स्तर का प्रदर्शन न करने वाले विद्यालयों , उ0पा0वि0 संसाधन केन्द्रों को चिन्हित कर उनकी आवश्यकता आधारित क्षमता विकास पर विशेष बल दिया जायेगा।

पद	सृजित	कार्यरत	थरक्त
